आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक




# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 100 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

जोधपुर, गुरूवार, 01 जनवरी, 2026

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ मनाई

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंचकर पूजा-अर्चना और आरती की। फिर राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। आरती के बाद रक्षामंत्री ने प्रभु श्रीराम को दंडवत प्रणाम किया। शंख-मंजीरों की गूंज और 'सीता राम, सीता राम' के भजन के बीच राजनाथ सिंह माता अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे। परकोटा के मंदिरों में पहली बार धर्म ध्वजा फहराई। पूरी रामनगरी भक्ति भाव में डूबी नजर आई। माहौल दो साल पहले प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन जैसा महसूस हुआ। इस बीच दोनों नेता अंगद टीला पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया।

### चीन राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक उड़ा रहा-कांग्रेस

**नई दिल्ली।** चीन के भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने के दावे पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पष्टता की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी बेहद चिंताजनक है और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा- 4 जुलाई को सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत वास्तव में चीन का सामना कर रहा था। अगर चीन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ खड़ा था, तब उसका भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का दावा बेहद चिंताजनक है। ऐसे बयान हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक उड़ाने जैसे लगते हैं।

### इंडिगो पर 458 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के ष्ठत्रस्ञ्ज के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि यह जुर्माना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा है। एयरलाइन के मुताबिक, कुल त्रस्ञ्ज मांग 458,26,16,980 है। कंपनी ने बताया कि जीएसटी विभाग ने विदेशी सप्लायर से मिली क्षतिपूर्ति (कंपनसेशन) पर टैक्स मांग, ब्याज और जुर्माना लगाया है, साथ ही इनपुट टैक्स क्रेडिट को भी खारिज किया गया है।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

लो नया साल आ गया, नई रोशनी उमंग के साथ
मेहनत कर आगे बढ़ना है, किस्मत खुद हमारे हाथ
कड़वी बातें सब भूलनी होगी, बस यादें बातें प्रीत
मिलजुल कर नयाअध्याय लिखें, तय करके नई

..मुखिया जी

# नव वर्ष 2026 का हुआ आगाज



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में नए साल का स्वागत आतिशबाजी के साथ हुआ। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर में पारंपरिक आतिशबाजी देखने के लिए हजारों लोग पहुंचे। वहीं, मेलबर्न के आसमान में 7 मिनट तक हुई आतिशबाजी शो ने शहर को रोशनी से भर दिया। इससे पहले न्यूजीलैंड का ऑकलैंड दुनिया का पहला प्रमुख शहर बना, जहां साल 2025 ने दस्तक दी। दुनिया के सबसे पूर्वी हिस्से में स्थित होने के कारण, न्यूजीलैंड में सबसे पहले नए साल का जश्न मनाया जाता है। यहां देश के सबसे लंबे स्काई टावर पर हजारों लोगों ने जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी की। दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 29 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत किया। इनमें किरिबाती, समोआ और टोंगा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल आदि देश हैं।

## आतिशबाजी के साथ हुआ नए साल का स्वागत



### किरिबाती ने 2026 में सबसे पहले मनाया नए साल का जश्न

**नई दिल्ली।** दुनिया के एक छोटे से द्वीप देश किरिबाती ने नए साल का इस्तकबाल बड़ी आन-बान-शान से कर दिया है। भारत से करीब साढ़े आठ घंटे पहले यहां नए साल के जश्न में लोग डूबे देखे गए। किरिबाती 33 एटोल (एटोल का मतलब होता है गोलाकार कोरल रीफ) से बना है—प्रशांत महासागर के 3.5 मिलियन वर्ग किमी (1.4 मिलियन वर्ग मील) से अधिक क्षेत्र में फैला है। 1994 में, किरिबाती—जिसका उच्चारण 'किरिबास' किया जाता है—ने अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के पार टाइम जोन बदल दिया, ताकि सभी 33 द्वीपों में एक ही तारीख हो (पहले अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के पूर्वी तरफ कुछ द्वीप थे)। प्रशांत द्वीप देशों समोआ, टोंगा, और टोकेलाऊ—जो ऑकलैंड से लगभग 3,500 किमी उत्तर में न्यूजीलैंड का एक आश्रित क्षेत्र है—ने भी जश्न के साथ 2026 का स्वागत किया है। इनके बाद न्यूजीलैंड ने भी नए साल का स्वागत आतिशबाजी से किया। ऑकलैंड ने स्काई टॉवर पर रंगीन आतिशबाजी के साथ नए साल को रोशन किया। पांच मिनट के इस शो में 240 मीटर (787 फीट) ऊंचे टॉवर, जो न्यूजीलैंड की सबसे ऊंची इमारत है, की अलग-अलग मंजिलों से 3,500 पटाखे चलाए गए।



### नया साल 2026 : काशी-अयोध्या-वृंदावन में 10 लाख श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** नए साल से पहले देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों का सैलाब सा उमड़ पड़ा है। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में 3 लाख और वृंदावन में 4 लाख भक्त मौजूद हैं। राजस्थान के जैसलमेर में पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा भीड़ है। सीकर के खाटूश्यामजी में नए साल के मौके पर 72 घंटे दर्शन होंगे। उज्जैन के महाकाल लोक में कल साल के पहले दिन 12 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में एक बार फिर से रौनक लौट आई है। पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ है।

## नए-साल से 61 आईएएस और 40 आईपीएस अफसरों का प्रमोशन

### आईएएस अजिताभ शर्मा, आलोक गुप्ता सहित 4 बने एसीएस

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नए साल में राजस्थान के 61 आईएएस, 40 आईपीएस और 23 आईएफएस के अधिकारी पदोन्नत होंगे। कार्मिक विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। आईएएस अजिताभ शर्मा, आलोक गुप्ता, दिनेश कुमार और राजेश कुमार यादव अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर पदोन्नत होंगे। इन अफसरों को अबाउट सुपर टाइम स्केल से चीफ सेक्रेटरी की वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है। इसी तरह से आईपीएस प्रफुल्ल कुमार और आईपीएस राघवेन्द्र सुहासा एडीजी के पद पर पदोन्नत होंगे। सभी अधिकारियों की पदोन्नति 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। नवीन जैन और केके पाठक को सचिव से प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई है। इन्हें सुपर टाइम से अबाउट सुपर टाइम पे स्केल में प्रमोट किया है। जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी सहित 11 आईएएस को सिलेक्शन स्केल से सुपर टाइम स्केल में प्रमोट किया गया है। प्रकाश राजपुरोहित, इंद्रजीत सिंह, नेहा गिरी, विश्व मोहन शर्मा, कन्हैयालाल स्वामी, नलिनी कठोतिया, राजेंद्र विजय, शक्ति सिंह राठौड़, प्रज्ञा केवलरमानी और महावीर प्रसाद को सुपरटाइम स्केल में प्रमोशन दिया गया है। 22 आईएएस अफसरों को आईएएस की जूनियर स्केल से सिलेक्शन स्केल में प्रमोट किया गया है।

## चमोली में सुरंग में टकराई दो लोको ट्रेनें, 70 घायल

**चमोली।** चमोली जिले के पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी जल विद्युत परियोजना क्षेत्र में बनी सुरंग के अंदर मंगलवार रात करीब 9 बजे दो लोको ट्रेनें आपस में टकरा गईं, जिसमें 70 मजदूर घायल हो गए हैं। जिनमें से 5 की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के समय ट्राली में करीब 110 इंजीनियर, कर्मचारी और मजदूर सवार थे, जो अपनी शिफ्ट पूरी कर वापस लौट रहे थे। हादसे में घायल हुए लोगों में से 70 को जिला अस्पताल गोपेश्वर और 17 को विवेकानंद अस्पताल पीपलकोटी में भर्ती कराया गया है। 66 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। चार श्रमिकों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पीपलकोटी के विवेकानंद चिकित्सालय में 18 श्रमिकों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया।

## साल के आखिरी दिन कश्मीर में बर्फबारी

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 148 फ्लाइट कैंसिल, 150 में देरी



**नई दिल्ली।** साल के आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हुई। इसका असर मैदानी राज्यों पर नजर आ रहा है। हिमाचल में के लाहौल स्पीति में 30 दिसंबर की शाम से बर्फबारी जारी है। यहां तापमान -10 डिग्री तक जा सकता है।

मध्य प्रदेश में शहडोल के कल्याणपुर में तापमान 1.7 डिग्री रहा। छत्तीसगढ़ के मैनपाट में रात का तापमान 2 डिग्री पहुंचा। अंबिकापुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में ओस जम गई। 4 संभाग कोल्ड वेव की चपेट में हैं। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के बीच 2 दिन बारिश की भी चेतावनी है। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार की सुबह घनी धुंध के साथ हुई। दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य रही। आईजीआई एयरपोर्ट पर आज 148 फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। 150 फ्लाइट देरी से ऑपरेट हो रही हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि CAT III लागू किया गया है। फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। फ्लाइट कैंसिल भी हो सकती हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर बुधवार को 6 फ्लाइट रद्द की गईं। इनमें इंडिगो की 1, एअर इंडिया की 3 और एअर इंडिया एक्सप्रेस की 1 फ्लाइट शामिल है।

स्पाइसजेट की 1 फ्लाइट ऑपरेशनल कारणों से कैंसिल की गई है। मध्य प्रदेश में तेज सर्दी जारी है। राज्य के पूर्वे हिस्सों जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में असर ज्यादा है।

## श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की गिरिराज जी महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा

### परिक्रमा मार्ग में उमड़ा जनसैलाब, गिरिराज जी महाराज के लगे जयकारे

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सपरिवार डीग स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर से गोवर्धन पर्वत की लगभग 21 किलोमीटर की सप्तकोसीय परिक्रमा भक्तिभाव से पूरी की। मुख्यमंत्री ने सामान्य श्रद्धालु की तरह 'पांच दंडवती' (साष्टांग प्रणाम) लगाकर ब्रज की पावन धरा पर आराध्य देव गोवर्धन गिरिराज जी महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा प्रारंभ की। इस दौरान उन्होंने मुखारविंद, मानसी गंगा एवं दानघाटी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की। परिक्रमा के दौरान श्री शर्मा का जगह-जगह स्थानीय नागरिकों, साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर सभी से आत्मीयता के साथ रामा-श्यामा की। पूरा परिक्रमा मार्ग 'बोलो गिरिराज महाराज की जय' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इससे पहले गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगणों ने पूंछरी का लौठा स्थित हैलीपेड पर मुख्यमंत्री की अगवानी की।





## एक लॉन्चर से बैक-टु-बैक 2 प्रलय मिसाइल लॉन्च

**बालासोर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बुधवार को ओडिशा तट के पास प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान एक ही लॉन्चर से बैक टु बैक दो प्रलय मिसाइलें (सल्वो लॉन्च) दागी गईं। मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के सेंसर लगाए गए थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण सुबह करीब 10:30 बजे किया गया। 7500 किमी. की रफ्तार वाली यह मिसाइल 1000 किलो बारूद ले जा सकती है। यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर, भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता के लिए एक अहम उपलब्धि बताया है। प्रलय शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है और पूरी तरह स्वदेशी है और डीआरडीओ ने ही इसे बनाया है।



CMYK

## सराहनीय : लालपुरा के सज्जन सिंह अजीत नगर को डीजीपी डिस्क मिलेगा

### एसडीआरएफ में तैनात कांस्टेबल की साहसिक सेवाओं को मिलेगा सम्मान, पूरे फलौदी जिले का बढाया मान

**देचू ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड देचू की ग्राम पंचायत लालपुरा के अजीत नगर निवासी सज्जन सिंह, सुपुत्र खींवसिंह



बाला, को राजस्थान पुलिस का प्रतिष्ठित डीजीपी डिस्क सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। डीजीपी द्वारा जारी सूची में प्रदेश के 35 पुलिसकर्मियों को इस सम्मान के लिए चयनित किया गया है, जिसमें सज्जन सिंह का नाम शामिल होने से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सज्जन सिंह वर्तमान में राजस्थान पुलिस की एसडीआरएफ इकाई में कांस्टेबल पद पर जोधपुर में कार्यरत हैं। वे एनडीआरएफ टीम के साथ भी समन्वय कर लगातार आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू एवं राहत कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। सिंह एसडीआरएफ की ओर से कई बार आरपीएस, केंद्रीय सुरक्षा बलों तथा नवचयनित पुलिसकर्मियों को रेस्क्यू व आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दे चुके हैं। इससे उनकी दक्षता और प्रतिबद्धता का परिचय मिलता है।

6 अगस्त 2024 को फलोदी क्षेत्र के गोपा गांव में नदी के तेज बहाव के दौरान सज्जन सिंह एवं उनकी टीम एफ-5 ने अपनी जान जोखिम में डालकर तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर बड़ा हादसा टाल दिया था। इस साहसिक कार्य की व्यापक सराहना हुई। निरंतर जनसेवा, अनुशासन और साहसिक कार्यों को देखते हुए राजस्थान पुलिस द्वारा यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। सज्जन सिंह की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों व पुलिस महकमे ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## NQAS में राज्य स्तर पर फलोदी जिले के चार आयुष्मान आरोग्य मंदिर चयनित, गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाओं को मिली पहचान



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ह्न्क्र्स) कार्यक्रम के तहत फलोदी जिले के चार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का राज्य स्तर पर चयन किया गया है। यह चयन अस्पतालों में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के 12 निर्धारित मानकों पर आधारित मूल्यांकन के पश्चात किया गया। राज्य स्तरीय मूल्यांकन में देचू ब्लॉक का भोजाकोर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लोहावट ब्लॉक का आमला आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा फलोदी ब्लॉक के एंका भाटिया एवं कानासरिया आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं।

मूल्यांकन में भोजाकोर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 100 में से 80.54 अंक, आमला को 77.68 अंक, एंका भाटिया को 82.86 अंक तथा कानासरिया को 72.68 अंक प्राप्त हुए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी फलोदी डॉ. प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया कि यह उपलब्धि उपचार की गुणवत्ता, स्वच्छता, दवाइयों की उपलब्धता, रोगी संतुष्टि, प्रभावी प्रबंधन एवं सुदृढ़ दस्तावेजीकरण जैसे मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण मिली है। उन्होंने कहा कि इस सफलता में चिकित्सा विभाग की टीम, सीएचओ, एएनएम तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार व्यास ने बताया कि भविष्य में भी सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने एवं निरंतर सुधार के प्रयास जारी रहेंगे।

## अनिल कुमार विश्नोई ने फलौदी नगरपरिषद आयुक्त पद का कार्यभार संभाला



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** नगरपरिषद के आयुक्त पद पर अनिल कुमार विश्नोई ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर तहसीलदार बिशनसिंह, विधिक सलाहकार महिपाल कोठारी, जेईएन इकबाल, पूर्व पार्षद लीलाधर कन्नौजिया सहित नगरपरिषद के अधिकारियों व कार्मिकों ने उनका स्वागत किया।

प्रशासनिक आदेशों के तहत अनिल कुमार विश्नोई मूल रूप से राजस्व अधिकारी-द्वितीय एवं तिंवरी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी हैं। अब उन्हें फलौदी नगर परिषद के अधिशासी अधिकारी के रिक्त पद का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया है। यह व्यवस्था अग्रिम आदेशों तक प्रभावी रहेगी। निदेशक स्तर से जारी आदेश के बाद यह प्रशासनिक पदस्थापना की गई है।

इस नियुक्ति के साथ ही विश्नोई एक साथ दो नगरीय निकायों की कार्यकारी जिम्मेदारी संभालेंगे। उनके कार्यभार ग्रहण के मौके पर मदन नागल, श्याम विश्नोई, गोपालसिंह, गजेंद्र पुरोहित, मुरली व्यास आदि गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। माना जा रहा है कि इस कार्यवाही से फलौदी नगरपरिषद के कार्यों में तेजी आएगी।

### प्लास्टिक कचरा जलाना जानलेवा

## स्वच्छता सेनानियों को दिलाई 'नो प्लास्टिक बर्निंग' की शपथ



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों और स्वच्छता कर्मचारियों के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर महावीर इंटरनेशनल फलोदी केंद्र एवं नगर परिषद फलोदी के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन नगर परिषद के टाउन हॉल में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता सेनानियों को प्लास्टिक कचरा जलाने से होने वाले गंभीर खतरों के प्रति जागरूक करना एवं स्वच्छ, सुरक्षित वातावरण का संदेश देना रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित उपखंड अधिकारी पूजा चौधरी ने सफाई कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनके समक्ष आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को समझा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण और अच्छा स्वास्थ्य सभी का अधिकार है तथा सफाई कर्मचारी इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार की कार्यशालाएं सामूहिक प्रयासों से ही सफल होती हैं, इसके लिए उन्होंने महावीर इंटरनेशनल का आभार व्यक्त किया।

नवनियुक्त नगर परिषद आयुक्त अनिल बिश्नोई ने कहा कि प्लास्टिक कचरा आज एक बड़ी समस्या बन चुका है। सरकार द्वारा प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग लगातार हो रहा है। प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए नगर परिषद सख्त कदम उठाएगी तथा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में शहरवासियों एवं व्यापारियों को शामिल करते हुए विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी, ताकि लोग कचरे का उचित निस्तारण करें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें।

आयुक्त अनिल कुमार विश्नोई ने आयोजन के लिए महावीर इंटरनेशनल फलोदी शाखा का आभार जताते हुए सफाई कर्मियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। एडवोकेट सिकंदर घोषी ने भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और जिम्मेदारी से कार्य करने पर जोर दिया।

एसडीएम सुश्री पूजा चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सफाई कार्य में आवश्यक संसाधनों की कमी को दस दिवस में पूरा कराने का आश्वासन दिया। स्वच्छ भारत जिला संयोजक जगदीश पालीवाल ने सफाई कर्मियों से प्लास्टिक न जलाने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और शहर की स्वच्छता में सहयोग करने की अपील की।

## आज से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हेलमेट अनिवार्य

**बालोतरा।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। 01 जनवरी 2026 से कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आने वाले सभी दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा।

जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने बताया कि 01 जनवरी 2026 से कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आने वाले सभी दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन से आने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की जाएगी। उन्होने बताया कि यह निर्णय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भी समान रूप से लागू होगा। प्रशासन का उद्देश्य कार्यालय परिसरों में सड़क सुरक्षा नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करना तथा आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पुलिस विभाग द्वारा मौके पर निगरानी रखते हुए नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में टांक ने हर समय हर स्थान पर प्रभावी सेवाएं दी हैं : लखावत



**सोजत ( हुक्मनामा समाचार )।** सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाले समाजसेवी गोपाल टांक का स्थानीय स्वामी विवेकानन्द मार्ग में बहुमान किया गया। सोजत की सामाजिक संस्थाओं की तरफ से चेतन व्यास ने उपरना एवं मोमेटो तथा महेन्द्र परिहार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। टांक की सेवाओं को लेकर पेंशनर समाज अध्यक्ष लालचंद मोयल ने कहा कि सत्संग हो या धार्मिक कथाएँ अथवा समाजसेवा के आयोजन टांक माजीसा साउण्ड की सेवाए सराहनीय रहती है। चारण गढ़वी इंटरनेशल फाउंडेशन के ग्लोबल अध्यक्ष सोसियो अनोप सिंह लखावत ने कहा कि सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में टांक ने हर समय हर स्थान पर प्रभावी सेवाएं दी हैं। सोजत सेवा मण्डल मंत्री पुष्पततराज मुणोत ने कहा कि टांक ने अत्याधुनिक इलेक्ट्रोनिक उपकरणों से हर आयोजन में चारचांद लगाएं है। वहीं समाज कल्याण संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप भटनागर ने कहा कि सभी सांस्कृतिक एवं सामाजिक तथा धार्मिक आयोजनों में माजीसा की उपस्थिति प्रभावी रहती है। टांक के बहुमान पर भारत विकास परिषद् अध्यक्ष देवीलाल सांखला, अभिनव कला मंच अध्यक्ष गोरधन लाल गहलोत, शायर कवि अब्दुल समद राही, दिनेश सोलंकी, प्रकाश सोनी, पूर्व खेल अधिकारी सत्तुसिंह भाटी, रामलाल टांक, ताराचंद गहलोत, ओम टांक, ताराचंद सैनी, भूपेंद्र पालरिया, प्रेम टांक, अशोक सेन, श्यामलाल व्यास, महेन्द्र माथुर, शंकर पारीक, नवीन गुप्ता जवरीलाल बैराणा,, ओम प्रकाश मोयल ने बधाई दी।

## जिला अस्पताल फलोदी ने रचा नया कीर्तिमान

### रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अनिल पालीवाल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

**फलोदी।** जिला अस्पताल फलोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। अस्पताल में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अनिल कुमार पालीवाल ने अकेले चिकित्सक के रूप में एक वर्ष में सर्वाधिक सोनोग्राफी कर पूरे राजस्थान में मिसाल पेश की है। यह उपलब्धि मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को छोड़कर किसी भी सरकारी जिला अस्पताल में अब तक की सर्वाधिक सोनोग्राफी मानी जा रही है। जिला अस्पताल प्रभारी डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षभर में कुल 15,839 नि:शुल्क सोनोग्राफी की गईं। इनमें से 9,300 सोनोग्राफी गर्भवती महिलाओं की तथा 6,539 सोनोग्राफी पेट व अन्य बीमारियों से संबंधित मरीजों की की गई।

## फैसले से क्षेत्र में खुशी की लहर, बांटी मिठाइयाँ सरकार को दिया धन्यवाद

### जन विरोध के आगे झुकी सरकार, धानसा , सेरणा , मोदरान को फिर से पंचायत समिति भीनमाल में किया शामिल

**भीनमाल ( हुक्मनामा समाचार )।** धानसा , सेरणा , मोदरान को पंचायत समिति भीनमाल से हटाकर जसवंतपुरा में जोड़ने के बाद क्षेत्र में हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन के आगे सरकार को झुकते हुए अपना निर्णय बदलना पड़ा। गौरतलब है कि धानसा, सेरणा, मोदरान पहले पंचायत समिति भीनमाल में थे जिन्हें इस बार पंचायत समिति परिसीमन एवं पुनर्गठन के दौरान पंचायत समिति जसवंतपुरा में जोड़ा गया था।

तीनों गाँवों के ग्रामीणों ने इसका जबरदस्त विरोध करते हुए सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे होकर जिला कलेक्टर , उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पंचायत समिति भीनमाल में यथावत रखने की माँग की। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं , तीनों गाँवों के 17 बूथ अध्यक्षों , सक्रिय कार्यकर्ताओं ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मौर्चा खोलते हुए इस्तीफे दे दिए थे। आखिर जोरदार जनविरोध के आगे सरकार को झुकते हुए अपने निर्णय को बदलना पड़ा।



हाल ही जारी हुए राज्य सरकार के नवीनतम आदेश के तहत धानसा , सेरणा , मोदरान को फिर से पंचायत समिति भीनमाल में जोड़ दिया गया है। सरकार द्वारा जारी इस नये आदेश से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। सोशियल एक्टिविस्ट एवं शिक्षाविद विक्रमसिंह राठौड़ धानसा ने इस मुहिम में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व मीड़िया के पत्रकार बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि सरकार द्वारा जनहित में लिए गये इस फैसले का हम स्वागत करते है। इस फैसले से आम जनता को राहत मिली है। आम जनता ने शुरू से ही इस निर्णय को - भौगोलिक, प्रशासनिक और जनहित के - विपरीत बताया था। पंचायत समिति - बदलने से प्रशासनिक दूरी बढ़ने, विकास कार्यों में बाधा आने और सरकारी योजनाओं के लाभ में देरी की आशंका को लेकर क्षेत्र में व्यापक असंतोष था। भीनमाल पंचायत समिति क्षेत्रवासियों के लिए अधिक नजदीक और सुविधाजनक है, जहां से प्रशासनिक और विकास कार्य सुचारु रूप से होते है।

भाजपा कार्यकर्ताओं व तीनों गाँवों के ग्रामीणों ने बैठक कर इस फैसले का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की व सभी का मुँह मीठा करवाया और सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। भारताराम देवासी धानसा ने संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर सरकार ने स्वागत योग्य कदम उठाया है। उन्होंने भाजपा नेता पुराराम चौधरी , सांवलाराम देवासी, जसराज राजपुरोहित एवं सभी बूथ अध्यक्षों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 2025 अलविदा 2026 नए वर्ष की शुभकामनाओं के साथ ...



**गडरा रोड ( हुक्मनामा समाचार )।** बाड़मेर जिले पश्चिमी सरहद से। राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जैसलमेर तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक सीमावर्ती गांवों शहरों में वर्ष 2025 में राजस्थान प्रदेश का एक नंबर समाचार पत्र हुक्म नामा समाचार जो लोगो के आत्मीय दिलो में बस चुका है जब तक इस समाचार की पीडीएफ या समाचार पत्र प्रकाशित होकर ग्रुपों में फॉरवर्ड नहीं होता है तब तक लोकप्रिय समाचार पत्र के लिए कई लोग समाचार पढ़ने के लिए अपनी निगाहें मोबाइल तथा पेपर्स के लिए लगाए हुए नजर अंदाज में रहते हैं 2025 में कहीं सनसनी खेज रिपोर्टिंग करते हुए हुक्म नामा समाचार ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध तथा आम जनता की दबंग आवाज बनकर आमजन को राहत तथा प्रशासनिक अधिकारियों तक आम जन की समस्याओं को समय-समय पर समाचार पत्र के मार्फत पहुंच कर एक ऊंचाइयों दौर पर आसमान छूने की डगर पर पहुंच रहा है इतना ही नहीं राजस्थान के पश्चिम सरहद क्षेत्र में जब तक समाचार पत्र प्रकाशित नही होता है तो उस इंतजार की घड़ियां खत्म तक नहीं हो जाती। पिछले समय में इस क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा सहकारिता विभाग में सहकारी समितियां द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत बचत खातों का भुगतान का मुद्दा उठाकर आम जन तक भुगतान पहुंचाना तथा सीमावर्ती क्षेत्र में विकास के नाम पर जगह-जगह पर जर्जर हालत में सड़कों की मांग पर मरम्मत कार्य स्वीकृत करने की समस्या का हल करवाना वही महिलाएं बाल विकास विभाग के द्वारा छोटे-छोटे नेनिहालो के लिए समय पर आंगनबाड़ी केंद्र न खुलने पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय-समय पर मॉनिटरिंग करने के लिए अवगत करवाना इतना ही नहीं सौर ऊर्जा को लेकर किसानों के लिए फर्जी तरीके से कूट रचित दस्तावेजों से जमीन हड़पने और तथा कस्बे में कीचड़ में गंदगी से निजात के लिए आम जनता की आवाज बनकर सीमेंटीकरण रोड स्वीकृत करवरकर आम जनता के दिलों में समस्या समाधान के नाम पर समाचार पत्र का एक बड़ा रूप ले लिया है वही इस समाचार पत्र से 2025 में अलविदा एवं 2026 नए वर्ष की शुभकामनाओं के साथ आगाज किया जा रहा है। वही समय समय पर क्राइम रिपोर्टर के रुप में बड़े-बड़े नियमा अनुसार खुलाशे कर आमजन में विश्वास तथा अपराधी में डर का माहोल का प्रचार प्रसार में भी साथ निभाने और कस्बे से विद्युत आपूर्ति की समय समय पर समस्या का जिक्र कर प्रकाशित कर आम जन को विद्युत समस्या से निराकरण का साथ निभाया अलविदा 2025।

## माउंट आबू में शरद महोत्सव रहा ठंडा न्यू ईयर सीजन हुई फेल, होटलों रहीं खाली




**माउंट आबू ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान के माउंट आबू में आयोजित होने वाला शरद समारोह व न्यू ईयर सीजन इस वर्ष ठंडी रही । हर साल तीन दिनों यानी 29, 30 व 31 दिसंबर को आयोजित होने वाले शरद समारोह में ख्यातनाम कलाकारों की कमी इस बार साफ खली । होटलों के कमरे खाली रहे , व्यापारियों में निराशा दिखी । इंडियन आइडल 2015 की रनर अप स्नेहा शंकर , भानुप्रताप सूफी बैंड , स्वराज बैंड को महोत्सव का चेहरा बनाया गया जो पर्यटकों को आकर्षित करने में उतना कामयाब होता नज़र नहीं आया । आमतौर पर माउंट आबू में आयोजित होने वाले शरद समारोह व ग्रीष्म समारोह में प्रख्यात कलाकार पंकज उधास , रूप कुमार राठौड़ , पलक मुच्छाल सहित कुमार विश्वास जैसे प्रख्यात कलाकारों को बुलाकर पर्यटकों को आकर्षित किया जाता रहा है । इसके अलावा प्रसिद्ध राजस्थानी लोक लंगा मांगणियार गायकों , कलाकारों को भी बुलाया जाता रहा है जो राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति को जीवंत करते थे । इस बार उनकी भी कमी खली । स्थानीय लोगों में के अनुसार पर्यटकों को यदि बेहतर सुविधाएं दी जाएं , सड़कें अच्छी हों और पर्यटन स्थलों का विकास हो तो किसी महोत्सव की आवश्यकता नहीं । कुछ लोगों के अनुसार समारोह की राशि सड़कों , पर्यटक स्थलों व सुविधाओं के विकास में खर्च होनी चाहिए थी ।

## जब तक सामर्थ्य है मानव सेवा करते रहेंगेः दवे



**बालोतरा ( हुक्मनामा समाचार )।** पिछले कई वर्षो से समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सक्रिय संस्थान कृष्णा सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष धर्मेंद्र दवे को नेपाल में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एशिया कोंटिनेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। दवे ने कहा कि संस्थान द्वारा विभिन्न शाखाओ के माध्यम से सेवा के प्रत्येक प्रकल्प में अनुकरणीय कार्य किए जा रहे है इसी को देखते हुए संस्थान को अंतराष्ट्रीय स्तर पर एशिया कोंटिनेंट अवार्ड मिला है। संस्थान ने सेवाओं के साथ साथ समाज में समानता व समरसता को लेकर प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए सेवा के कार्यों में सबको जोड़ा है ताकि हमारे द्वारा चलाए जा रहे अभियान का लाभ सबको मिल सके। संस्थान को यह सम्मान नेपाल के पूर्व उप राष्ट्रपति परमानंद झा, नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री राजेंद्र महतो, लोकसभा उपाध्यक्ष इंद्रा राणा, जापान राजदूत डॉ विष्णु हरी, साऊथ अफ्रीका राजदूत, पूर्व विदेश मंत्री एन पी साऊथ, जगद गुरु शिव शक्ति बाबा, डॉ हुकुम चंद गणेशया,कार्यक्रम आयोजक कुलदीप शर्मा,माटी कला बोर्ड अध्यक्ष राजस्थान प्रहलाद राय टाक, सिक्किम मुख्यमंत्री सलाहकार रोहित महाराज, मधेश प्रदेश मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य नागरिकों के द्वारा व उपस्थिति में प्रदान किया गया व अंतराष्ट्रीय समरसता मंच के साथ संयुक्त राष्ट्र की सहमति व इसके साथ 25 सार्क देशो के राष्ट्रीय ध्वज व प्रतिनिधियों की सहमति भी संस्थान को सम्मानित करते हुए प्रदान की गई जो कि हम सभी के लिए गर्व की बात है।

# जोधपुर शहर में शानदार तरीके से मनाया नए साल का जश्न

## पूरी रात मुस्तैद रही पुलिस, होटलों, रिसोर्ट व अन्य स्थानों पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर में वर्ष 2025 की विदाई व 2026 के स्वागत का जश्न आज ठंडी हवाओं के बीच शानदार तरीके से मनाया गया। इसके लिए शहर की अधिकांश होटलों, रिसोर्ट और रेस्टोरेंटों में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के कार्यक्रम हुए। कई जगह रंगारंग कार्यक्रम के साथ डीजे की धमचक रही। यहां वेस्टर्न और ट्रेडिशनल फ्यूजन के साथ डांस, डीजे और म्यूजिकल नाइट जैसे इवेंट से न्यू ईयर का ग्रांड वेलकम किया गया। इधर पुलिस ने भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए ताकि युवा शहर की सडक़ों पर हुड़दंग नहीं मचा सके।



शहर के सभी बड़े-छोटे होटलों और रेस्टोरेंट्स को आज खास न्यू ईयर के लिए सजाया गया। रात 12 बजते ही शानदार आतिशबाजी के साथ समूचे शहर में नए साल का स्वागत किया गया। रात 12 बजे केक भी काटे गए। न्यू इयर वेलकम करने के लिए शहरवासियों को डांस ग्रुप से लेकर कई सेलिब्रिटिज के साथ थिरकने का मौका मिला। शहर की होटलों, रिसोर्ट और रेस्टोरेंटस में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए खास कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी चौकस रही। पूरी रात पुलिस सडक़ों पर मुस्तैद रही। पूरे शहर में शाम से लेकर रात तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

**घंटाघर में राजस्थानी नृत्य गायन के साथ सजी सांस्कृतिक सांझ :** नए साल के स्वागत के बीच प्रशासन की ओर से आज घंटाघर में राजस्थानी नृत्य गायन के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यटकों को राजस्थानी संस्कृति से रूबरू कराया गया। इसमें कई लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। बता दे कि पर्यटन विभाग एवं संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर प्रतिदिन शाम को राजस्थानी लोक कलाकार की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। इसी कड़ी में यह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# एमडीएम हॉस्पिटल से मिर्गी का रोगी लापता

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** कमिश्नरेट के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से लापता हुए लोगों के संबंध में उनके परिजन की तरफ से गुमशुदगियां दर्ज कराई गई। महाराष्ट्र के रामगढ़ जिले के वर्जत कोदीवडे निवासी शशिकांत गंगाराम बाघमारे पुत्र गंगाराम बाघमारे ने पुलिस को बताया कि उसके पुत्र अरूण शशिकांत वाघमारे को मिर्गी की बीमारी के चलते इलाज के लिए एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया था। वह 22 दिसम्बर से अब तक लापता है। जबकि मथानिया थाने में दी रिपोर्ट में कंचनबाई का जाव मथानिया क्षेत्र में रहने वाले अभिषेक भारती ने पुलिस को बताया कि उसकी मां गुड्डी देवी 29 दिसंबर की शाम के समय किसी काम से निकली थी जोकि वापस घर पर नहीं लौटी। दूसरी तरफ नागौर जिले के मकराना थानान्तर्गत कीला डूंगरी हाल इसाईयों का कब्रिस्तान न्यू पावर हाउस रोड निवासी ज्ञान कंवर पत्नी स्व. घीसुसिंह ने पुलिस को बताया कि 25 दिसंबर को उसका पुत्र सुरेन्द्र सिंह घर से बिन बताए निकल गया। वह अब तक वापस नहीं लौटा। मामले में शास्त्रीनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

## समाचार-सार

### राज्यमंत्री गौतम कुमार दक आज आएंगे जोधपुर

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री गौतम कुमार दक गुरुवार को जोधपुर आएंगे। गौतम कुमार गुरुवार को दोपहर 12.15 बजे जोधपुर पहुचेंगे। इसके उपरांत वे पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2026 के राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि एवं उत्थान में डेयरी की भूमिका संगोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत वे दोपहर 01.15 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शीतलाष्टमी और गुरु पूर्णिमा पर स्थानीय अवकाश घोषित

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी जोधपुर जिले में वर्ष 2026 के लिए दो स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। आदेशानुसार शीतला अष्टमी के अवसर पर 11 मार्च तथा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को स्थानीय अवकाश रहेगा। इन दोनों अवसरों पर जोधपुर जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### सिंधी समाज आज मनाएगा पूज्य बहिराणा दिवस

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सोजती गेट स्थित प्राचीन झूलेलाल मंदिर में बाबा नारूमल मंडली के तत्वावधान में बाबा जयराम दास के सानिध्य में पूज्य बहराना साहब दिवस नए साल पर मनाया जाएगा। भगवान मुरझानी, रामचंद्र चांदवानी, राजकुमार कुंदनानी ने बताया कि नया साल 2026 पूज्य बहराना दिवस व सिंधी समाज स्नेह मिलन एक जनवरी को भगवान झूलेलाल के साथ मनाया जाएगा। आयोजन में शाम को छह बजे से बहराना साहब व 7.30 बजे महाआरती होगी व साथ ही नए साल का कैलेंडर विमोचन भी किया जाएगा।

### महेंद्र सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि




**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा डॉ. सत्यनारायण का कथेतर साहित्य-समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर शोधकार्य पूर्ण करने पर महेंद्र सिंह राजपुरोहित को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। विश्वविद्यालय के 3 वें दीक्षांत समारोह मे राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, प्रो. मंजु बाघमार तथा कुलगुरु की उपस्थिति में राजपुरोहित को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राजकुमार व्यास के निर्देशन में पूरा किया। जोधपुर निवासी राजपुरोहित वर्तमान में मोही (राजसमंद) में व्याख्याता पद पर कार्यरत हैं।

### भगत की कोठी-बान्द्रा टर्मिनस ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाई

**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु भगत की कोठी-बान्द्रा टर्मिनस-भगत की कोठी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि गाड़ी संख्या 04827/04828 भगत की कोठी-बान्द्रा टर्मिनस-भगत की कोठी साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में भगत की कोठी से तीन से 31 जनवरी तक (05 ट्रिप) एवं बान्द्रा टर्मिनस से चार जनवरी से एक फरवरी तक (05 ट्रिप) तक विस्तार किया जा रहा है।

# 284.12 करोड़ की लागत से 154 सड़क कार्यों की मिली स्वीकृति

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पीएमजीएसवाई-चतुर्थ (2025-26) के अंतर्गत जोधपुर संसदीय क्षेत्र के लिए 284.12 करोड़ रुपए की लागत से 154 सडक़ कार्यों की स्वीकृति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पत्र को साझा करते हुए शेखावत ने बताया कि नए साल से ठीक पहले यह जोधपुर क्षेत्र के गांवों के लिए बड़ी खुशखबरी है। इन 486.51 किमी सडक़ों से 154 क्षेत्रों के रहवासियों को सीधा सडक़ संपर्क मिलेगा, जिससे हमारे ग्रामीण बहनों-भाइयों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार से जुड़े अनेक लाभ होंगे। उन्होंने कहा कि सडक़ें उद्यमिता व आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करती हैं। शेखावत ने अंत्योदय के विचार को विकसित भारत के अनुसार साकार कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ग्रामीण विकास को विकास का स्थायी आधार दे रहे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

# सूर्यनगरी में बूंदाबांदी के बाद मौसम में घुली ठण्डक

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर में आज मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। शहर में सुबह हल्की धुंध और दोपहर बाद बूंदाबांदी होने से मौसम में ठण्डक घुल गई। वहीं ठंडी हवाएं चलने से सर्दी बढ़ गई।



जोधपुर शहर में साल के अंतिम दिन मौसम बदला-बदला नजर आया। शहर में शाम के समय हल्की बूंदाबादी से ठंडक बढ़ गई। हवा में नमी और ठंडक बढने से लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लिया। कई इलाकों में लोग सडक़ों और चौपाठियों पर मौसम का आनंद लेते भी नजर आए। इससे पहले सुबह तापमान में गिरावट आने से सर्दी बढ़ गई। शहर में सुबह और शाम के समय सर्दी का असर सबसे ज्यादा महसूस हो रहा है, जिससे लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। दिन में धूप खिलने से थोड़ी राहत मिलती है। दिन में धूप निकलने से तापमान में हल्की बढ़ोतरी होती है, जिससे लोगों को कुछ देर के लिए सर्दी से राहत मिलती है। इसके बावजूद, ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बनी रहती है और लोग गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं।

सुबह और शाम की सर्दी से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचाव कर रहे हैं, जबकि शहरों में चाय और गर्म पेय पदार्थों की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक शहर में दो से तीन किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हल्की हवाएं चलने का अनुमान है। वहीं अगले सात दिन में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है जबकि न्यूनतम तापमान 10 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 3 और 4 जनवरी को कोहरे का भी अनुमान है।

# भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना कभी नहीं होगा साकार : रेहाना

## कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने भाजपा पर बोला जुबानी हमला

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव रेहाना रियाज ने भाजपा पर जुबानी हमला किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह गुजरात से हैं। अंबानी और अडानी भी गुजरात से है। गुजरात के दो नेता, गुजरात के दो उद्योगपतियों को देश बेच रहे हैं। इससे बड़ी शर्मिंदगी क्या है? बाकी देश की जनता गौण हो चुकी है और दो लोगों के लिए पूरे देश को बेच रहे हैं और इनको सबक जनता ही सिखाएगी। यह बात उन्होंने आज यहां सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कही।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता की हक में आम लोगों के लिए हमारे पुराने नेताओं ने जो किया है उसको बेचने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना कभी साकार नहीं होगा। कांग्रेस बेहद मजबूत पार्टी है और भाजपा जो दिन में यह सपना देख रही है, वह महज दिवास्वप्न है, जो कभी पूरा नहीं होगा क्योंकि कांग्रेस हमारे डीएनए में है। यह 140 साल पुरानी पार्टी है, जिसे खत्म करने की सोच रखना ही गलत है।



अरावली पर उन्होंने कहा कि पार्लियामेंट में वंदे मातरम् पर जो बहस कराई उसमें आने वाली पंक्ति सुजलाम सुफलाम का यदि भाजपा नेताओं को सही अर्थ पता होता, तो वे कभी ऐसे कार्य नहीं करते। धरती का श्रृंगार है वह फूलों से, फलों से, जल से और पहाड़ से है उसको नष्ट करने का जो आधुनिक दुशासन की तरह करने का काम इन्होंने जो किया है तो राजस्थान सहित जहां-जहां से अरावली गुजरती है वहां जनता खड़ी हो गई कृष्ण की तरह। ये लोग देश की जनता के लिए नहीं सोच रहे, ये अपने उद्योगपति मित्रों को अपने सोच रहे हैं देश की जनता के लिए यह नहीं सोच रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर्यावरण, संविधान और देश की मूल भावना की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

# धुलाई, रंगाई व छपाई की अवैध फैक्ट्रियां सीज

**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा बुधवार को ग्राम सालावास में धुलाई, रंगाई व छपाई की अवैध इकाइयों को सीज किया गया। जेडीए उपायुक्त जोन-03 रामजी भाई कलबी के निर्देशन में जेडीए अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा ग्राम सालावास स्थित धुलाई, रंगाई व छपाई की अवैध फैक्ट्री के तीन बड़े मुख्य द्वार मय छोटे गेट पर छ्ह ताले लगाते हुए अवैध फैक्ट्रियों को सीज किया गया। जेडीए दस्ते द्वारा संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि सीज परिसर में किसी प्रकार छेडख़ानी अथवा फेरबदल नहीं करें। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत एवं जोगेन्द्र सिंह चौधरी, भू-अभिलेख निरीक्षक सुरेश विश्नोई, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, योगेश गहलोत मय जेडीए दस्ते मौजूद रहे।






# एक रुपए में मिलेगी बीएसएनएल की 4जी सिम

## नए उपभोक्ताओं के लिए दो स्कीम लॉन्च, 625 रुपए में 2500जीबी डेटा के साथ 600 टीवी चैनल्स

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने नए साल के मौके पर नए उपभोक्ताओं के लिए दो स्कीम लॉन्च की हैं। इनमें पहली योजना में नए मोबाइल ग्राहकों को सिर्फ 1 रुपए में स्वदेशी 4जी सेवा ऑफर कर रहा है, जबकि दूसरी योजना में 625 रुपए प्रति महीने 2500जीबी हाई-स्पीड इंटरनेट और 600 से ज्यादा टीवी चैनलों की सुविधा दी जा रही है।

बीएसएनएल जोधपुर क्षेत्र के प्रधान महाप्रबंधक एन. राम ने बताया कि गत 27 सितंबर को बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी सर्विस को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया था। यह 1 रुपए वाली स्कीम नए उपभोक्ताओं एवं बीएसएनएल में पोर्ट-इन करके आने वाले उपभोक्ताओं के लिए है। इस ऑफर को पहले फ्रीडम ऑफर के नाम से लॉन्च किया गया था, जिसे यूजर्स की डिमांड को देखते हुए बढ़ाया गया है। इस विशेष ऑफर में नए उपभोक्ताओं को नई सिम के माध्यम से रोजाना 2 जीबी हाई-स्पीड डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग तथा 100 एसएमएस प्रति दिन की सुविधा प्रदान की जा रही है। निजी ऑपरेटरों की तुलना में यह ऑफर बहुत ही सस्ता है, क्योंकि प्राइवेट कंपनियां इसी तरह के प्लान के लिए 349 से 399 रुपए मंथली तक चार्ज करती हैं। वहीं बीएसएनएल के सिल्वर जुबिली प्लान में 75एमबीपीएस स्पीड पर 2500जीबी हाई-स्पीड डेटा दिया जा रहा है। इसके साथ ही कुल 600 से अधिक टीवी चैनल मुफ्त दिए जा रहे हैं, जिनमें 127 पेड चैनल भी शामिल हैं। इसके अलावा, ग्राहकों को डिज्नी हॉटस्टार और सोनी लाइव जैसे लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस भी फ्री दिया जा रहा है। यह प्लान मात्र 625 रुपए प्रति माह की किफायती दर पर उपलब्ध है, जिसमें लोकल और एसटीडी दोनों तरह की अनलिमिटेड फ्री कॉलिंग भी शामिल है। 2500जीबी डेटा खत्म होने के बाद भी इंटरनेट स्पीड कम हो जाती है, लेकिन बेसिक ब्राउजिंग और ओटीटी स्ट्रीमिंग के लिए पर्याप्त रहती है।

# अटल जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा : गहलोत

## 'अटल स्मृति वर्ष' के अंतर्गत वैचारिक कार्यशाला का आयोजन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर 'अटल स्मृति वर्ष' के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी, जोधपुर शहर द्वारा शहर विधानसभा क्षेत्र में जोधपुर इंडस्ट्री एसोसिएशन हॉल, न्यू पॉवर हाउस रोड, जोधपुर में एक वैचारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल ने की। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने अपने उद्बोधन में अटल बिहारी वाजपेयी जी से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संवाद और समन्वय की जीवंत मिसाल थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल ने कहा कि अटल जी ने भारतीय जनता पार्टी को वैचारिक मजबूती प्रदान की। उनके सिद्धांतों पर चलकर ही संगठन आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बना है। कार्यकर्ताओं को अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेकर संगठन को और सशक्त बनाना चाहिए। शहर विधायक अतुल भंसाली ने अपने युवा काल के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। उनकी वाणी, व्यवहार और विचारों में राष्ट्रभक्ति झलकती थी। जालोर विधानसभा प्रभारी महेन्द्र मेघवाल ने संगठनात्मक विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और अटल जी का जीवन संगठन के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री गौरव जैन ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री ओमप्रकाश दैय्या, जिला उपाध्यक्ष मनीष पुरोहित, पवन आसोपा, रवि गहलोत, माधवी सोलंकी, शहर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष हरिसिंह, अमित, पूजा सुराणा, अरविंद पुरोहित, सोशल मीडिया टीम सहित बड़ी संख्या में श्रेष्ठ एवं ज्येष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066,
**सिटी कार्यालय :** मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -**जयपुर कार्यालय :** जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### मनरेगा का भारी समर्थन



केंद्र सरकार ने जल्दबाजी में मनरेगा को रद्द कर दिया हो और उसके स्थान पर नया विकसित भारत रोजगार गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण (वी बी जी राम जी) अधिनियम लेकर आई है, उसे अनुचित बताया जा रहा है और माना जा रहा है कि उसमें कई खामियां हैं जबकि मनरेगा में गरीबों को प्रशासन से सामाजिक जवाब देही स्थानीय अभिजात्य वर्ग से समानता और समुदाय में आपसी सम्मान व सहमति मांगने की ताकत दी थी जबकि नियम आधारित अर्थव्यवस्था में सब कुछ नष्ट हो जाएगा। राजनीतिक दलों ने तुम मनरेगा को समाप्त करने की निंदा की है पर अब सामाजिक और अन्य संगठन भी इस मामले पर खुलकर सामने आ गए हैं केंद्र सरकार को 350 प्रबुद्ध लोगों ने इस निर्णय पर पुनर्विचार के लिए एक पत्र लिखा है इनमें वैज्ञानिक शिक्षाविद, शोधकर्ता, सामाजिक समाज के संगठनों और समाज के सम्मानित लोग शामिल है जिनका कहना है कि मनरेगा को खत्म करने की बजाय इसके कार्यान्वन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

पत्र में कहा गया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को खत्म करने और उसकी जगह विकसित भारत रोजगार गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण सी बी जी राम जी अधिनियम लाने के लिए जो तर्क दिए गए हैं वह खामियों से भरे हुए हैं पत्र में कहा गया है कि मनरेगा की मांग आधारित व्यवस्था एक क्रांतिकारी अवधारणा थी जो अधिकार आधारित रोजगार गारंटी के इसके सिद्धांत से जुड़ी थी यह एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है जहां गरीब अपने अधिकारों की मांग कर सकता है हाशिए पर खड़े लोगों को अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का अवसर मिलता है। सरकार पर यह भी आरोप हैं कि गांधी नाम को समाप्त करने के लिए उसने ऐसी योजना पर गाज गिरा दी।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1862 – 'भारतीय दंड संहिता' लागू किया गया।
1915 – महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसरॉय ने 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया।
1949 – कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई।
1971 – टेलीविजन पर सिगरेट विज्ञापनों का प्रसारण प्रतिबंधित किया गया।
1992 – भारत और पाकिस्तान ने पहली बार अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियों की अदला-बदली की।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

- **अमेरिकी थिंक टैंक की चेतावनी अगले साल फिर हो सकता है भारत-पाक युद्ध।**
- लगता है अमेरिका युद्ध करवा कर छोड़ेगा।
- **सोशल मीडिया के अश्लील कंटेंट पर केंद्र की कंपनियों को चेतावनी।**
- सुधर जाओ नहीं तो पर कतर देंगे।
- **अमित शाह बोले ममता बनर्जी घुसपैठ नहीं रोक सकती।**
- देश का गृहमंत्री बना कर देखो फिर मालूम पड़ेगा।
- **उड़ान रद्द होने पर सरकार की नई एडवाइजरी, फ्लाइट लेट तो खाना और रिफंड पक्का।**
- अब तो कंपनियां सुधर जाएगी।
- **भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।**
- जनसंख्या के हिसाब से तो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होना चाहिए।
- **बांग्लादेश में फिर हुई हिंदू युवक की हत्या।**
- सरकार तो इसको गिनती रहेगी।
- **कांग्रेस बोली एस आई आर की प्रक्रिया पूरे देश में पैदा कर रही है संदेह।**
- हर आदमी को उलझाना जो था।
- **कमीशन मांगने वाले विधायक डागा को फिर नोटिस।**
- बस नोटिस देते रह जाएंगे।

*.............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**गुरूवार 01 जनवरी, 2026**

**मेष राशि:** आज आप वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले। कानूनी समस्या सता सकती है। घर पर मेहमानों का आना दिन को बढिया और खुशगवार बना देगा।

**वृषभ राशि:** आज का दिन आपके लिए निवेश करने के लिए अच्छा साबित हो सकता है। कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं।

**मिथुन राशि:** आज आपको ज्यादा भाग-दौड़ करनी पड़ेगी पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्या के हल में से मदद मिलेगी। जीवन शैली पर हो रहें खर्चों में कमी जरूरी है।

**कर्क राशि:** कार्यस्थल पर किसी के प्रति आर्थिक मामलों में राहत मिलेगी। नौकरी में प्रगति के योग बनेंगे। ऑफिस में ज्यादा टाइम देना पड़ेगा। कोई आध्यात्मिक गुरु या बड़ा आपकी सहायता कर सकता है।

**सिंह राशि:** आज स्वास्थ्य के लिहाज से आपका दिन सामान्य रहेगा। सरकारी अफसरों से संपर्क होगा। आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा।

**कन्या राशि:** आज आप सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल पर जाने से मन अतिप्रसन्न होगा। वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा।

**तुला राशि:** आज आपका बिजनेस के लिहाज से उत्तम दिन है। तब तक कोई वादा न करें, जब तक कि आप पूरी तरह उसे पूरा करने में सक्षम न हों। धार्मिक कार्य और यात्रा के लिए समय अनुकूल हैं।

**वृश्चिक राशि:** आज जो भी आपसे मिलें उसके साथ विनम्र और सुखद व्यवहार करें। बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं तो बेहतर रहेगा। आज प्रेमी संग शाम रोमांटिक रहेगी।

**धनु राशि:** आज अपने करियर के विषय में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। कोई भी निर्णय लेने से पहले ठण्डे दिमाग से सोचें। उत्साह और चौकसी का गुण किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में मदद करेगा।

**मकर राशि:** आज आपका स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता हैं। वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कार्यों में दिन बीतेगा।

**कुम्भ राशि:** आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। आज संतान का प्रति दुखी हो सकते है, आज विद्यार्थियों को किसी बात की उल्जन हो सकती है।

**मीन राशि:** आज आपकी सहायता कोई मित्र या रिश्तेदार करेगा, किसी धार्मिक स्थल पर जाने की सम्भावना है। आज आपका मन भटक सकता है अपनी प्रतिभा पर भरोसा रख कार्य करें।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# इतिहास की नजर में नये साल का सफर



- सैयद मुनव्वर अली

**आजकल एक जनवरी को नया साल शुरू होता है। दुनिया के ज्यादातर देशों में इसी को साल का पहला दिन माना जाता है। हर साल एक जनवरी को ही कलेण्डर और डायरियां बदली जाती हैं और दुनिया के देशों में यात्रा करने वाले यात्री इस कलेण्डर की तारीखों से ही चिट्ठी-पत्री लिखते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि अन्तर्राष्ट्रीय रूप से यह कलेण्डर सब देशों का माना जा सकता है। वैसे भारतवर्ष में विक्रम संवत्सर चलता है जिसके अनुसार हम होली, दीवाली आदि मनाते हैं। उसके पंचांग के अनुसार चैत्र मास में नया साल शुरू होता है, किन्तु हमारे यहां भी एक जनवरी से नया साल मनाने की परम्परा तब से शुरू हुई जब से अंग्रेजों ने अपना कलेण्डर इस देश में प्रचारित किया। एक जनवरी को शुरू होने वाले कलेण्डर में भी बारह महीने होते हैं और भारत के पंचांगों के हिसाब से भी साल में बारह महीने होते हैं। इस लिहाज से दोनों के कलेण्डर तो समान ही हैं, फर्क केवल वर्ष गणना का और साल-महीने शुरू होने का है।**

अर्थात भारत में संवत्सर या संवत् जिसे अंग्रेजी में इरा या इपोक कहते हैं, विक्रमादित्य के सिंहासन पर बैठने के साल से शुरू करते हैं, जिसे 2077 साल हो चुके हैं, जबकि ईसाई कलेण्डर ईसा के जन्म से सालों की गिनती शुरू करते हैं, जिसके हिसाब से 2023 साल बीत चुके हैं और 2024 का साल आज एक जनवरी से शुरू हो गया। चूंकि इस कलेण्डर को 2024 का कलेण्डर कहा जाएगा, इसलिए कुछ लोगों को यह भ्रम हो सकता है कि यह ईसाई कलेण्डर है, किन्तु यह सही नहीं है। इस कलेण्डर को ईसा की जन्म की तारीख से शुरू करने की परम्परा तो बाद में चली, किन्तु इस कलेण्डर की शुरुआत ईसा के जन्म से बहुत पहले ही रोम में हो चुकी थी। इस हिसाब से इसका सही नाम रोमन कलेण्डर है। यह माना जाता है कि विश्व का सुप्रसिद्ध शहर रोम जो यूरोप में (इटली में) है, जिस दिन स्थापित हुआ था, उस दिन रोमन कलेण्डर भी चला। इस प्रकार यह ईसा से लगभग एक हजार वर्ष पहले से चल रहा है। इसकी तारीखों और महीनों की व्यवस्था में फेरबदल सदियों से होते रहे हैं। इसलिए फेरबदल या सुधार करने वाले सम्राटों या धर्मगुरुओं के नाम से भी इस कलेण्डर को जाना जाता था। जैसे रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने इसमें सुधार किये थे, इसलिए इसे 'जूलियन कलेण्डर' भी कहा जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से रोमन चर्च के पोप ग्रेगरी त्रयोदश ने चार सदियों पूर्व इसमें पूरी तरह सुधार करके इसकी व्यवस्था को वैज्ञानिक बनाया था और तभी से उसी रूप में विश्व के अधिकांश देश इसे मान रहे हैं, इसलिए आजकल इसे ग्रेगोरियन कलेण्डर के नाम से पहचाना जाता है। इसमें सामान्यतया साल में 365 दिन होते हैं।

जनवरी, मार्च, मई, जुलाई, अगस्त, अक्टूबर तथा दिसंबर महीने 31 दिन के होते हैं और फरवरी 28 का, शेष सारे महीने 30 दिन के होते हैं। तीन साल बीत जाने के बाद एक साल 366 दिन का मानना पड़ता है और उस साल फरवरी 29 दिन का होता है। ऐसे साल को लोंद का साल या लीप ईयर कहते हैं। इस प्रकार तीन साल के बाद एक दिन बढ़ाने से सूर्य और पृथ्वी की गति के हिसाब से गिनती ठीक बैठ जाती है। लीप ईयर के साल में फरवरी में एक दिन और बढ़ाना इसलिए जरूरी हो गया कि उसके बिना साल में केवल 365 दिन बनते हैं। पहले यह माना जाता था कि 365 दिन में पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा पूरी करती है, इसलिए 12 महीनों को 365 दिनों में विभाजित कर दिया जाता था, किन्तु वास्तव में पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा 365 1/4 दिनों में पूरी करती है। इस हिसाब से हर चौथे साल एक दिन और बढ़ाना पड़ता है। इसका अर्थ यह हुआ कि यह कलेण्डर सूर्य और पृथ्वी के हिसाब से चलता है। इसलिए हर साल ऋतु परिवर्तन के साथ तालमेल रहता है। नवंबर से फरवरी तक सर्दी पड़ती है और अप्रेल से जून तक गर्मी, जुलाई से सितंबर तक वर्षा का मौसम होता है। कहते हैं सबसे पहले जब रोम में कलेण्डर की शुरुआत की गई थी, तब चन्द्रमा के हिसाब से साल की गिनती होती थी और साल में केवल 10 महीने होते थे, जो मार्च से शुरू होते थे और दिसंबर तक खत्म हो जाते थे। सम्राट रोमुलस ने रोम शहर बसाया था, ऐसा माना जाता है, जो ईसा से लगभग 800 वर्ष पहले ही बनकर तैयार हो चुका था। उस समय महीनों के नाम उनकी गिनती के हिसाब से ही रखे जाते थे जैसे पांचवें महीने का नाम क्विंटिलस याने पांचवां, छठे का सेक्सटिलस याने छठा, सातवें का सेपटेम्बर, आठवें का अक्टूबर, नवें का नवंबर और दसवें का दिसंबर । इसके सितंबर से दिसंबर तक महीनों के नाम तो तब से अब तक यों ही यों चले आ रहे हैं। तीन हजार साल में भी नहीं बदले, वैसे और बदलाव बहुत से हो गये। यह रोमन कलेण्डर यूरोप में हजारों सालों से चल रहा है। जब यह अनुभव किया गया कि दस महिनों के वर्ष से ऋतुओं का तालमेल नहीं बैठता तो अगले सम्राट न्यूमा पोमपिलियस ने ईसा से लगभग 700 वर्ष पूर्व दो महीने और जोडक़र 12 महिनों का साल निर्धारित किया। लेकिन उस समय भी साल की शुरुआत मार्च महीने से होती थी। उस हिसाब से सितंबर से दिसंबर तक महिनों के नाम सही बैठ जाते थे, क्योंकि सितंबर का अर्थ सातवां, अक्टूबर का अर्थ आठवां, नवम्बर का अर्थ नवां और दिसम्बर का अर्थ दसवां महीना होता है। किन्तु ईसा से 153 वर्ष पूर्व मार्च की बजाय जनवरी से साल की शुरुआत करने की व्यवस्था घोषित की गई।

तभी से एक जनवरी को नये साल की शुरुआत होने लगी। उस समय यह ध्यान नहीं रहा कि सितंबर से दिसंबर तक के महीनों के नाम बदल दिये जायें। वे नाम आज तक यों ही चल रहे हैं। बाकी के नाम बदल गये। जनवरी महीने का नाम जैनस देवता पर पड़ा, फरवरी का फेबुवा नामक वर्ष के अंतिम भोज के आधार पर पड़ा, क्योंकि उस समय तक फरवरी को साल का अंतिम महीना माना जाता था। मार्च का नाम मारसियस था, जो मार्स यानी मंगल ग्रह के नाम पर पड़ा था। अप्रियर फूल खिलने को कहते हैं इसलिए वसंत ऋतु का नाम अप्रैलिस रखा गया। उसी को आज हम अप्रेल कहते है। मई का नाम मेजा देवी जो मेजस कहलाती है, के नाम पर पड़ा था, क्योंकि उसे बुध ग्रह को माता माना जाता और एक मई को उसे बलि चढ़ाई जाती है। जून महीने का नाम जूनी नामक देवता के नाम पर पड़ा था, जुलाई का नाम पहले किरिलम याने पांचवां महीना था, पर सम्राट जूलियस सीजर ने उसका नाम अपने नाम पर जुलाई रखा दिया, क्योंकि उसका जन्म जुलाई मास में हुआ था। अगस्त मास का नाम पहले सेक्टीलस यानी छठा महीना था, पर रोमन सम्राट आगस्टस सीजर ने उसका नाम आगस्ट रखा दिया, क्योंकि वह इसी माह में गद्दी पर बैठा था। सितंबर से दिसंबर तक महीनों के नाम गिनती के हिसाब से ही बने रहे, उसका नाम किसी ने भी नहीं बदला।

**2707 साल से चल रहा है कलेण्डर :** इस तरह 12 महीनों का कलेण्डर लगभग 2707 साल से चल रहा है। पहला साल किसे माना जाए अर्थात संवत्सर की गिनती किस साल से शुरू की जाए, इस बारे में समय-समय पर बदलाव अवश्य होते रहे। संवत् अर्थात ईरा कभी रोम बनने के साल से माना जाता था, कभी जूलियस सीजर जैसे किसी बड़े सम्राट के राजगद्दी पर बैठने के साल से। ईसाई धर्म के प्रचार के बाद ईसा के जन्म से संवत की गिनती होने लगी। अर्थात ईसा के जन्म वाले वर्ष को ईस्वी एक मानकर सालों की गिनती की गई, जिसके हिसाब से 2023 पूर हो चुके हैं। इससे यह आसानी से समझ में आ जाएगा कि ईरा वर्ष गणना अलग बात होती है और कलेण्डर यानी पंचांग अलग। साल में कितने महीने हों, किस महीने से साल की शुरुआत मानी जाए, इस बात को युग गणना, संवत, ईरा या ईपोक कहते हैं। चूंकि इस समय ईस्वी सन् की गणना ईसः जन्म से प्रारम्भ होती है इसलिए हिन्दी में हम 2023 लिखते स. ईस्वी सन् लिखते है। जैसे 2023 ई. अंग्रेजी में इसका संकेत ए.डी. द्वारा किया जाता है। विश्व के विभिन्न देशों के पत्र व्यवहार में तालमेल बना रहे, इस लिहाज से इस वर्ष गणना को अब सभी देशों ने मान लिया है। इसी प्रकार एक जनवरी से साल की शुरुआत मानने की व्यवस्था भी अब सभी देशों ने शुरु कर दी है। अन्यथा सदियों तक प्रत्येक नये साल की शुरुआत अपने हिसाब से अलग तारीखों को करता था। स्वयं इंग्लैंड की अदालतों और सरकार में भी 25 दिसंबर को नया साल शुरू होता था। बाद में 25 मार्च से इंग्लैण्ड में नया साल शुरू होने लगा, किन्तु 1751 में रोमन कलेण्डर के साथ तालमेल बिठाने के लिए इंग्लैण्ड ने तय किया कि अगला सरकारी साल एक जनवरी से शुरू होगा। तब से यानी 1752 ईस्वी से इंग्लैण्ड में एक जनवरी से नया साल शुरू होने लगा। फ्रांस में उस समय भी सितंबर से नया साल शुरू होता था, क्योंकि फ्रांस की राज्य क्रांति सितंबर में सफल हुई थी। किन्तु सन् 1806 से फ्रांस में भी एक जनवरी से ही नया सरकारी साल की शुरुआत होने लगी। अब सभी देशों में जो रोमन कलेण्डर का प्रयोग करते हैं, एक जनवरी से नया साल शुरु होता है। आइए, हम सब भी खुले दिल से स्वागत करें नये साल 2022 का।

# नववर्ष 2026 : नव चेतना, नव संकल्प और संतुलित जीवन की शुरुआत



-सुनील कुमार महला

**'नववर्ष प्रभात में बरसे, ईश्वर का शुभ आशीष अपार,**
**मार्तण्ड रश्मियों से जागे, नव-जोश, उमंग, नव-विस्तार।**
**खिले मन सभी के जग में, दु:ख-अवसाद का नाम न हो,**
**मंगलमय हो जीवन-पथ, शुभकामनाएं अविराम कहो।'**

अंग्रेजी वर्ष 2025, इकतीस दिसंबर को समाप्त हो गया और अब हम सभी वर्ष 2026 के नवप्रभात में प्रवेश कर गए हैं। वर्ष 2025 में हम सभी ने बहुत से संकल्प रखे, कुछ पूरे हो गए, कुछ अधूरे। जीवन का एक क्रम है, आदमी जो चाहे,वह सब कुछ पूरा हो जाए, ऐसा बहुत कम ही होता है। जीवन की धूप-छांव में कुछ पूरा, कुछ अधूरा चलता रहता है। आदमी का काम है-कर्म करना, निरंतर मेहनत और ईमानदारी से कर्तव्य पथ पर चलना। संघर्ष ही असली जीवन है। बिना संघर्ष के जीवन, जीवन नहीं है।जीवन में समस्याएँ आना स्वाभाविक है, उनसे डरना या घबराना समाधान नहीं है। असली फर्क इस बात से पड़ता है कि हम समस्या को देखने और उससे निपटने का दृष्टिकोण कैसा रखते हैं। मन के भीतर यदि अशांति, भय और नकारात्मकता है, तो वही बाहर की परिस्थितियों में भी दिखाई देगी और यदि मन शांत, संतुलित और स्वीकार भाव से भरा है, तो बाहरी समस्याएँ भी उतनी बड़ी नहीं लगेंगी। समय हर समस्या को बदल देता है, इसलिए किसी भी वर्तमान संकट को स्थायी मानकर भयभीत नहीं होना चाहिए। समस्या को कितना महत्व देना है, यह हमारे हाथ में है। साथ ही, अपने इष्टदेव और परमात्मा पर पूर्ण विश्वास और समर्पण रखना चाहिए, यह समझते हुए कि वही शक्ति भीतर आत्मा के रूप में विद्यमान है।

**हर स्थिति ईश्वर की ही व्यवस्था है-** जीवन में कुछ अच्छा हो तो उसे केवल अपना पुरुषार्थ कहना और बुरा हो तो ईश्वर पर डाल देना, यह सही दृष्टि नहीं है। वास्तव में हर स्थिति ईश्वर की ही व्यवस्था है। हमें परिस्थितियों को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन प्रयत्न करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि प्रयत्न करना हमारा कर्तव्य है।संक्षेप में, यह विचार सिखाता है कि समर्पण, संतुलन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास-यही जीवन की समस्याओं से निपटने का सही मार्ग है। यदि जीवन में सबकुछ आसानी और सरलता से मिलता चला जाए, तो जीवन जीने की असली अनुभूति कभी होगी ही नहीं, इसलिए जीवन पथ पर ईश्वर ने पग-पग संघर्ष की भी रचना की तो पथ को सरल व आसान भी बनाया। नववर्ष के साथ अब हम नव शुरूआत करने जा रहे हैं।

हर वर्ष की भांति हर किसी के पास नये संकल्प हैं, नव ऊर्जा है, नया विश्वास है, जोश है, उमंग है। संकल्पों का तो जैसे उजास है। मन में बहुत कुछ संजोए रखा है, हम सभी ने नववर्ष के लिए। नववर्ष में हम बुरे समय को भूलें, कुछ नया व अच्छा करने की सोचें। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।बीते पलों, बीती बातों की धूल को झाड़कर नव संकल्प की पगडंडियां पकड़ें। आदमी के मन में संकल्प हो, दृढ़ विश्वास हो, सकारात्मक सोच हो, तो क्या संभव नहीं हो सकता है ? हमारी स्मृतियां हमें याद नहीं करनीं हैं, भूत; भूत होता है।हम वर्तमान में जीएं, भविष्य की चिन्ता छोड़ें।आगे क्या होगा, कैसे होगा, सब भूलें। वर्तमान ही जीवन है। भविष्य के पथ पर आगे बढ़ें, लेकिन भविष्य के लिए ज़्यादा सोचें नहीं। तनाव, अवसाद आदमी को कहीं का नहीं छोड़ता। चिंता किसी भी बात की नहीं करनी है। चिंता का फायदा क्या है ? जब कोई चीज़ हमारे वश में ही नहीं है, तो उस पर चिंता करके हम क्या कर लेंगे ?

**नववर्ष आत्ममंथन, आत्मसुधार और नई शुरुआत का पावन अवसर:-** कहना ग़लत नहीं होगा कि नववर्ष आत्ममंथन, आत्मसुधार और नई शुरुआत का पावन अवसर है। नव प्रभात की श्वेत किरणें जब धरती पर उतरती हैं, तो केवल अंधकार ही नहीं मिटता, बल्कि चेतना के भीतर नई संभावनाओं के बीज भी बोए जाते हैं। नववर्ष समय की देहरी पर खड़ा होकर हमें नई दिशाओं का आमंत्रण देता है। बीते कल की थकान को उतारकर यह उम्मीदों की चादर ओढ़ा देता है। हर सुबह नए स्वप्नों की सुगंध लेकर आती है और हर शाम विश्वास की लौ जलाती है। मन के आंगन में संकल्पों के दीप प्रज्वलित होते हैं।

टूटे अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ने का साहस इसी क्षण जन्म लेता है। नववर्ष प्रेम, करुणा और सौहार्द का मधुर संगीत रचता है। यह जीवन के सूखे पन्नों पर रंग भरने का अवसर देता है। मुस्कानें गहरी होती हैं और रिश्ते और मजबूत बनते हैं। नववर्ष हमें स्वयं से बेहतर बनने की प्रेरणा देता है। सचमुच, नववर्ष नई रोशनी, नई ऊर्जा और नए विश्वास की अनुपम शुरुआत है।बीता हुआ समय अनुभव बनकर हमारे साथ रहता है-जो टूटा, वह सीख बना; जो हारा, वह ज्ञान। याद रखिए कि हर विफलता के गर्भ से ही दृढ़ संकल्प जन्म लेता है।जीवन की राहें कई बार थका देती हैं, पर नववर्ष हमें फिर से साहस के साथ आगे बढ़ने का आमंत्रण देता है। जो स्वप्न अब तक मौन में सोए थे, वे शब्दों में ढलकर, कर्म के रूप में निखरने को तैयार हैं। संघर्षों की कठोर शिलाओं पर अब हम विश्वास, परिश्रम और धैर्य से अपना नाम लिखेंगे। यह समय रुकने या झुकने का नहीं, बल्कि हर अंधियारी को चुनौती देकर हार को जीत में बदलने का है, क्योंकि वास्तव में यही तो हमारे जीवन की सच्ची तैयारी है। नववर्ष 2026 में सबसे पहला संकल्प स्वयं पर अडिग विश्वास का हो। हमारे भीतर अपार शक्ति छिपी है, जिसे पहचानना और हर दिन निखारना आवश्यक है। जब व्यक्ति स्वयं पर विश्वास करता है, तो परिस्थितियां भी उसका मार्ग देने लगती हैं।

**अडिग हों हमारे संकल्प:-** याद रखिए कि इतिहास वही रचते हैं, जो अपने संकल्पों पर अडिग रहते हैं। इस नववर्ष में रिश्तों को प्राथमिकता देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आधुनिक जीवन में आभासी दुनिया ने हमें स्क्रीन के करीब और अपनों से दूर कर दिया है। मोबाइल और सोशल मीडिया से थोड़ी दूरी बनाकर बुजुर्गों, अभिभावकों, रिश्तेदारों, मित्रों और परिवार के साथ समय बिताना ही सच्चा सुख है। बुजुर्गों का अनुभव, माता-पिता का स्नेह और मित्रों का साथ जीवन को संबल देता है। इसलिए स्क्रीन डिटॉक्स को केवल विचार नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने का संकल्प लें।

प्रकृति के सान्निध्य में बिताया गया समय मन और तन दोनों को ही स्वस्थ करता है। खुली हवा में टहलना, पेड़ों, पक्षियों और वनस्पतियों के बीच समय बिताना हमें जीवन के मूल से जोड़ता है। नववर्ष में प्रतिदिन पैदल चलने, प्रकृति का आनंद लेने और पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने का संकल्प लें। पशु, पक्षियों और धरती के प्रति करुणा ही मानवता की सच्ची पहचान है। स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना भी नववर्ष का महत्वपूर्ण लक्ष्य होना चाहिए। मोबाइल से दूरी बनाकर पर्याप्त नींद लें, संतुलित दिनचर्या अपनाएं और शरीर के संकेतों को समझें। योग, ध्यान और मेडिटेशन केवल अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित रखने के साधन हैं। अध्यात्म हमें भीतर से मजबूत बनाता है और बाहरी तनावों से लड़ने की शक्ति देता है। नववर्ष हमें कुछ नया सीखने और सिखाने की प्रेरणा भी देता है। ज्ञान का आदान-प्रदान समाज को समृद्ध बनाता है। साथ ही धन और समय-दोनों की कीमत समझना आवश्यक है।

## वसुधैवकुटुंबकम साकार करेगा परिवार कल्याण की भावना



बाल मुकुन्द ओझा

नव वर्ष की शुरुआत 1 जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस से हो रही है। यह दिन परिवार के साथ समय बिताने और रिश्तों को मजबूत करने का संदेश देता है।संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 1 जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार ही हर उम्र के लोगों को सुकून पहुँचाता है। परिवार मर्यादाओं से बनता है। अनुशासन होता है, प्रेम और आपसी सद्भावना होती है। परिवार एक बार फिर वैश्विक चर्चा का विषय बन गया है। घर में खुशी होगी तभी बाहर भी खुशी महसूस होती है। हम अपने आप को तभी सफल और खुश महसूस करते हैं जब हम अपने घर में प्रसन्न रह पाते हैं। परिवार को समाज की नींव कहा जाता है परिवार समाज की सबसे छोटी एवं मजबूती इकाई होती है बड़े समाज में एक छोटे से परिवार की महत्व को समझने के लिए विश्व परिवार दिवस मनाया जाता है।आज बहुत.से ऐसे परिवार हैं जिन्हें एक.दूसरे से खुलकर बात करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। आज के जमाने में लाइफ स्टाइल कितनी बदल गयी है। बच्चे बहुत छोटी उम्र में ही स्कूल जाना शुरू कर देते हैं। बहुत.सेमाता.पिता काम पर चले जाते हैं। जो थोड़ा.बहुत समय वे साथ होते भी हैं वह भी टीवी.कंप्यूटर या फोन पर चला जाता है। बहुत.से परिवारों में बच्चे और माता.पिताअजनबियों की तरह अपनी.अपनी जिंदगी जीते हैं। उनके बीच जरा.भी बातचीत नहीं होती। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिजनों से आपस में बात करने में जो खुशी और आनंद मिलता है उसकी कल्पना शब्दों में नहीं की जा सकती। परिजनों से बात करने का सुख अब बिरलों को ही मिल पाता है। इससे तनाव कम होने के साथ विभिन्न पारिवारिक दिक्कतों और समस्याओं का एक ही जाजम पर हाथोंहाथ निपटारा हो जाता है। इससे एंडोर्फिन हार्मोन मिलता है। परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदहारण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है जो सबको एक साथ जोड़ कर रखता है। अक्सर देखा जाता है परिजन रहते एक छत के नीचे है मगर उनमें आपसी बातचीत नहीं हो पाती है। इससे परिवार में घुटन और तनाव के साथ असुरक्षा का भाव रहता है। यदि एक दिन में एक घंटे भी परिजन साथ बैठ कर बातचीत करलें तो परिवार की खुशियां द्विगुणित हो सकती है। आज भी दुनियां परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। वह भी एक जमाना था जब भरा पूरा परिवार हँसता खेलता और चहकता था और एक दूसरे से जुड़ा रहता था। बच्चों की किलकारियों से मोहल्ला गूंजता था। पैसे कम होते थे पर उसमे भी बहुत बरकत होती थी। घर में कोई हंसी खुशी की बात होती थी तो बाहर वालों को बुलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। आज परिवार कितने छोटे हो गए हैं और टूटते जा रहे हैं, हमारे रिश्ते बिखरते जा रहे हैं। हमारा देश भारत, विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदहारण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। सियासी प्रगति की अंधी दौड़ में हमने दुनिया को अवश्य अपनी मुट्ठी में कर लिया है मगर परिवार नामक संस्था से विमुख होते जा रहे है। इसी का नतीजा है देश में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही है जिसका खामियाजा बच्चे से बुजुर्ग तक को उठाना पड़ रहा है। एक ही परिवार में धीरे धीरे एक दूसरे से आपसी बातचीत बंद होने से अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई है। समय रहते बातचीत का रास्ता नहीं खुला तो तनाव, घुटन और अवसाद का सामना करना पड़ सकता है।

### वैश्विक परिवार दिवस आज

## पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, वैश्विक समाधान समझें

-ललित गर्ग-

वैश्विक परिवार दिवस, शान्ति और साझेदारी का एक दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी समारोह, 'शान्ति में एक दिन' से विकसित हुआ। समग्र विश्व एक वैश्विक ग्राम है और हम सभी इस बृहत्-परिवार का हिस्सा हैं। भारत ने तो वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करते हुए समूची दुनिया को एक परिवार ही माना है। वैसे भारत की परिवार परम्परा दुनिया के लिये अनुकरणीय है। हम सभी एक परिवार हैं, चाहे हमारी नागरिकता, धर्म, जाति, सीमाएं या नस्ल कुछ भी हो। समग्र मानव जाति को एक साथ आना चाहिए और प्रेम और शान्ति में विश्वास करना चाहिए और विश्व में सुख और आशा लाने हेतु इसका अभ्यास करना चाहिए। संसार संघर्षों, युद्धों, उपद्रवों, कष्ट और पीड़ा से भरा पड़ा है। यदि हम सभी एक साथ आएं और दुनिया को प्रेम और धैर्य से ठीक करें, तो हम सभी खुशी से और अपने हृदयों में आशा के साथ रह सकते हैं। वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है।

इस दिवस की शुरुआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरुआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में 'वन डे इन पीस - जनवरी 1, 2000' जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरुआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया। प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है। भारतीय संदर्भ में परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं रहा, बल्कि वह संस्कारों की पाठशाला, शांति, सहयोग एवं सौहार्द की प्रयोगभूमि और जीवन-मूल्यों का आधार रहा है। इसी परिवार-परंपरा ने भारत को सदियों तक सामाजिक स्थिरता, अहिंसा, सहिष्णुता और मानवीय करुणा का देश बनाए रखा। आज विडंबना यह है कि जिस भारतीय परिवार व्यवस्था को दुनिया एक आदर्श मॉडल के रूप में देख रही है, उसी भारत में वह धीरे-धीरे उपेक्षा और विस्मृति का शिकार होती जा रही है।

वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है, बल्कि वह सुरक्षा, संवाद और मार्गदर्शन की कमी भी है। परिवार का वह सहज वातावरण, जहाँ प्रश्न पूछे जा सकते थे, गलतियाँ स्वीकार की जा सकती थीं और भावनाएँ साझा की जा सकती थीं, आज धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। बुजुर्ग, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, अनुभव और संस्कार के संवाहक थे, आज कई घरों में हाशिये पर खड़े दिखाई देते हैं।

# असंगठित संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर मंथन

## संभाग स्तरीय महिला समाधान समिति एवं अमृता हाट आयोजन समिति की बैठक आयोजित



हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** प्रदेश में असंगठित एवं अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनकी शिकायतों के प्रभावी निवारण के उद्देश्य से गठित संभाग स्तरीय महिला समाधान समिति एवं संभाग स्तरीय अमृता हाट आयोजन समिति की संयुक्त बैठक बुधवार को संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आशीष कुमार मिश्रा, आईएएस प्रशिक्षु मोहनलाल, पुलिस महानिरीक्षक रेंज जोधपुर कार्यालय से उप अधीक्षक कैलाशदान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जोधपुर संभाग के समस्त जिलों के महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उपनिदेशक महिला अधिकारिता जोधपुर फरसाराम विश्नोई ने बताया कि बैठक में अध्यक्ष द्वारा जोधपुर संभाग के समस्त जिला कलेक्टरों को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अंतर्गत जिला स्तरीय स्थानीय समितियों एवं सभी शासकीय, निजी एवं सार्वजनिक कार्यालयों में आंतरिक समितियों के गठन, नियमित बैठकों के आयोजन तथा उपखंड एवं जिला स्तर पर महिला समाधान समितियों की सतत बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अंजुम ताहिर सम्मा, नगर निगम उपायुक्त मनोज सोलंकी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेन्द्र कच्छवाह, सहायक निदेशक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र प्रीति गुर्जर, सहायक जनसंपर्क अधिकारी प्रशांत सिंह, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास जोधपुर रावतराम सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों में कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके उत्पादों के विपणन एवं बिक्री को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सात दिवसीय सक्षम अमृता हाट का आयोजन 1 फरवरी से 7 फरवरी तक अरबन हाट परिसर, पाली रोड, जोधपुर में किए जाने का निर्णय लिया गया।

अमृता हाट का समय प्रात: 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा तथा प्रवेश पूर्णत: निःशुल्क होगा। मेले में प्रतिदिन न्यूनतम 500 रुपये की खरीदारी करने वाले आगंतुकों के लिए लक्की ड्रॉ के माध्यम से प्रतिदिन तीन विजेताओं को क्रमश: 500, 300 एवं 200 रुपये के ईनामी कूपन प्रदान किए जाएंगे, जिनके माध्यम से निःशुल्क खरीददारी करवाई जाएगी।

# जोगीमगरा-मेड़ता रोड समपार फाटक बंद

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर-मेड़ता रोड रेलखंड में स्थित समपार फाटक संख्या सी-109 के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण किया जाना है। इस कार्य के अंतर्गत थ्रस्ट बेड, आरसीसी बॉक्स एवं रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य के कारण समपार फाटक संख्या सी-109 को एक जनवरी से सडक़ यातायात हेतु स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई है। इसके तहत आरयूबी-8ए (कि.मी. 532/9-533/0) के माध्यम से जोगीमगरा, मेड़ता रोड एवं मेड़ता सिटी की ओर आवागमन किया जा सकेगा। वहीं आरयूबी-10 (कि.मी. 537/1-2) के माध्यम से गोटन स्टेशन की ओर आवागमन संभव होगा।

# नेत्र जांच शिविर छह को, बैनर का विमोचन




**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वैद्य सैन समाज की ओर से सावित्री देवी माथुर आई हॉस्पिटल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन छह जनवरी को किया जाएगा। समाज के सदस्य राधेश्याम ने बताया कि शिविर में आमजन की नेत्र जांच की जाएगी, साथ ही बीपी एवं शुगर की जांच तथा लैंस प्रत्यारोपण से संबंधित परीक्षण की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इस अवसर पर शिविर के बैनर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान विष्णु, गगन, गौतम, अशोक, अभिषेक, शिव, गोरांग सहित समाज के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

## जेडीए की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में प्राधिकरण की विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं, राजकाज ई-फाइल, ई-डाक, राजस्थान सम्पर्क, सीपी ग्राम, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, विधानसभा प्रश्नोत्तर इत्यादि के प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा प्राधिकरण की विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं 90ए, भवन निर्माण स्वीकृति, लीजडीड, अरबन सर्विसेज के अन्तर्गत प्रोपर्टी आईडी जारी करना, नाम हस्तांतरण, उपविभाजन एवं पुनर्गठन इत्यादि के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों की शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित प्रभारी अधिकारी को निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त द्वारा बैठक में राजकाज ई-फाइल व ई-डाक पेंडिंग रिपोर्ट एवं ई-फाइल डिस्पोजल रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई, साथ ही राजस्थान सम्पर्क, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों, सीपी ग्राम, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, विधानसभा प्रश्नोत्तर इत्यादि के प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रकरणों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में सचिव चंचल वर्मा, उपायुक्त, निदेशक, तहसीलदार एवं अभियन्ता मौजूद रहे।

# महिला कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव के प्रथम बार जोधपुर आगमन पर रेहाना का स्वागत



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बनने के बाद प्रथम बार जोधपुर आगमन पर पूर्व विधायक मनीषा पंवार के नेतृत्व में रेहाना रियाज का जोधपुर महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीषा पंवार ने बताया कि सर्किट हाउस में महिला कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों देहात कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गीता बरवड़, पूर्व महापौर कुंती देवड़ा, विजय लक्ष्मी पटेल, रेखा लोहिया, मुन्नी देवी गोदारा, फरज़ाना चौहान, अंजुला रोपिया, रुबीना खान, दिव्या गहलोत, सपना सांखला, शबनम अब्बासी, अनिता कुमारी ने स्वागत किया। जोधपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नरेश जोशी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष फिरोज फेम, धनपत गुर्जर, राकेश चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास गोदारा, अख्तर खान सिंधी आदि ने भी स्वागत अभिनन्दन किया।

# कांग्रेस ने नगर निगम की लापरवाही पर जताया विरोध, ज्ञापन सौंपा



हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस शहर में आंदोलन करेगी।

कांग्रेस प्रवक्ता संजय गौड़ ने बताया कि शहर जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा ने बताया कि शहर के शहरी क्षेत्रों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, वहीं भीतरी इलाकों में नालियों का पानी सडक़ों पर बह रहा है। हाल ही में विदेशी पर्यटकों द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने के बावजूद निगम प्रशासन और सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य नहीं कर रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रंगाई-छपाई उद्योग से जुड़े लोगों पर निगम द्वारा की जा रही कथित अवैध कार्रवाइयों को लेकर भी प्रशासन मौन है, जिससे अनेक परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है और पारंपरिक बंधेज उद्योग पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसी तरह सिवांची गेट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के नाम पर की गई कार्रवाई से छोटे व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ है। इन सभी लंबित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के सीईओ से समाधान की समय-सीमा तय करने की मांग की। इस पर निगम सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को उचित निस्तारण के निर्देश देने का आश्वासन दिया। ओमकार वर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और आमजन को राहत नहीं मिली तो कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ मिलकर नगर निगम का घेराव करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी जब-जब सरकार जनहित की उपेक्षा करेगी, कांग्रेस सडक़ों पर उतरकर आवाज उठाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व विधायक मनीषा पंवार, पीसीसी सदस्य सुनील व्यास, पूर्व पार्षद शाहबुद्दीन खान, लियाकत अली रंगरेज, हरेंद्र सिंह राठौड़, घनश्याम अग्रवाल, जगदीश दाधीच, प्रीतम शर्मा, विशाल शर्मा, सराफा बाजार ब्लॉक अध्यक्ष अख्तर खान सिंधी, सूरसागर ब्लॉक अध्यक्ष त्रिलोक मेहरा, निसार खान, किशन सैन, हकीम खान मारवाड़, इलियास मोहम्मद, फिरोज फेम, इकबाल मालानी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# महाकाल घुणा की पैदल यात्रा रवाना



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बाबा रामदेव मंदिर मसूरिया से महाकाल घुणा की पैदल यात्रा महाकाल के भक्तों द्वारा प्रस्थान हो गई है। यह यात्रा बाबा रामदेव मंदिर से शुरू होकर आखलिया चौराहे, सूरसागर होते हुए मंडोर रोड से 9 मील और करवड़ होते हुए नागौर रोड तक जाएगी। यात्रा का उद्देश्य महाकाल की हवेली तक पहुंचना है, जहां भक्तों का समागम होगा।

यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह और समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यह मार्ग भक्तों के लिए एक अद्भुत अनुभव है, जो महाकाल के प्रति उनकी आस्था और भक्ति को दर्शाता है। यात्रा का प्रमुख लक्ष्य महाकाल की हवेली पहुंचना है, जहां भक्तों की भक्ति का समापन होगा और महाकाल के दर्शन होंगे। यात्रा में सभी भक्तों को सुरक्षा और मार्गदर्शन की पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि यह यात्रा शांति और श्रद्धा के साथ संपन्न हो सके।

# माघ मेले में प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर पार्सल यातायात पर प्रतिबंध

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** आगामी माघ मेला-2026 के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं स्टेशन परिसरों में भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर उत्तर-पूर्वी रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर सभी प्रकार की पार्सल बुकिंग एवं हैंडलिंग गतिविधियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिबंध के अंतर्गत पट्टे पर ली गई एसएलआर, वीपी, अग्रिम/मांग वीपी सहित विभागीय बुकिंग की सभी पार्सल गतिविधियां सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश अन्य डिवीजन/जोन से आने वाली उन ट्रेनों पर भी लागू होगा, जो प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर पार्सल लोडिंग अथवा अनलोडिंग के लिए ठहरती हैं। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निजी सामान केवल यात्री डिब्बों में ही ले जाने की अनुमति होगी। वहीं पंजीकृत समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं की बुकिंग निर्धारित व्यावसायिक औपचारिकताओं के पालन के उपरांत ही की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंध अवधि के दौरान प्लेटफार्मों पर पार्सल जमा करना तथा ट्रॉलियों के माध्यम से प्लेटफार्म के एक छोर से दूसरे छोर तक पार्सल ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा।

# माचिया सफारी में यूपी के एंथनी को मिली नई साथी

## गुजरात से आई, कुनबा बढ़ाने की तैयारी में वन विभाग

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कायलाना स्थित माचिया सफारी पार्क में चर्चित टाइगर एंथनी को अब नई साथी मिल गई है। गुजरात के जूनागढ़ से आई बाघिन ने पार्क में कदम रखा है। वन विभाग की देखरेख में अगले छह महीनों में बाघ-बाघिन की केमिस्ट्री जमाने का प्लान है। जानकारी के अनुसार माचिया पार्क का टाइगर एंथनी अपनी साथी अंबिका से बेहद जुड़ा हुआ था, लेकिन पिछले साल अंबिका की मौत के बाद वो अकेला पड़ गया था। तब से ही वन विभाग एंथनी की नई साथी की तलाश में था। आखिरकार 26 नवंबर को जूनागढ़ से ये नई बाघिन जोधपुर पहुंची। इसे एक महीने के लिए क्वारैंटाइन रखा गया था। सोमवार को इसे माचिया पार्क में लाया गया। दो साल दो माह की इस बाघिन को फिलहाल अलग पिंजरे में रखा गया है ताकि वो नए माहौल में खुद को ढाल सके। वन अधिकारी लगातार दोनों पर नजर रख रहे हैं और धीरे-धीरे उन्हें करीब लाने की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग बनने के बाद आने वाले वक्त में माचिया पार्क में क्यूट टाइगर फैमिली देखने को मिल सकती है।

# विदेशी पर्यटक का वीडियो वायरल, लोगों ने जताया विरोध

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति एक घर से दूसरे घर की छतों पर कूदता हुए नजर आ रहा है। यह संभवत: एक विदेशी पर्यटक था जो पार्कौर खेल का प्रदर्शन कर रहा था। इस तरह के प्रदर्शन को लेकर लोगों ने विरोध जताया है और इस पर रोक लगाने व कार्रवाई करने की मांग की।

दरअसल पर्यटन सीजन के चलते इन दिनों जोधपुर के भीतरी शहर में पर्यटकों की भरमार देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी नीले शहर की गलियों, ऐतिहासिक इमारतों और पारंपरिक रहन-सहन को नजदीक से देखने पहुंच रहे हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। वायरल वीडियो में एक विदेशी पर्यटक पार्कौर खेल का प्रदर्शन करता नजर आ रहा है। वीडियो में विदेशी पर्यटक एक घर की छत से दूसरी छत पर छलांग लगाता हुआ दिखाई दे रहा है। यह दृश्य जोधपुर के भीतरी शहर के घनी आबादी वाले इलाके का बताया जा रहा है, जहां मकान बेहद पास-पास बने हुए हैं। संकरी गलियों और पुराने भवनों के बीच इस तरह की गतिविधि को लेकर लोग हैरान भी हैं और चिंतित भी। भीतरी शहर के लोगों का कहना है कि इस तरह के खतरनाक स्टंट न सिर्फ स्टंट करने वाले व्यक्ति के लिए जानलेवा हो सकते हैं, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी खतरा बन सकते हैं। स्थानीय नागरिकों को इस बात की भी चिंता सता रही है कि कहीं शहर के बच्चे और युवा इस वायरल वीडियो को देखकर इसका अनुसरण न करने लगे। बच्चों द्वारा इस तरह की नकल किए जाने से बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है और मामले की गंभीरता को देखते हुए वीडियो की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वीडियो किस इलाके का है, संबंधित विदेशी पर्यटक कौन है और यह स्टंट कब व किन परिस्थितियों में किया गया।


**Motor Accident Claims Tribunal, Mumbai**
**IN THE COURT OF Shri Shashikant Eknathrao Bangar**
**H. H. Member, Mumbai, Mumbai.**

**NOTICE/SUMMONS IN MOTOR ACCIDENT CLAIM PETITION**

MACP/1644/2023
Nirmala Maruti Khaire and Ors. 2 Vs Baldev Ram Pralhad Ram and United India Ins. Co. Ltd.
27/01/2026

**To,**
**Baldev Ram Pralhad Ram and United India Ins. Co. Ltd.**
**Goan Ki Dhaniya 191 peethwas Jodhpur Rajastan 342 001.**

Whereas has instituted a Motor Accident Claim Petition impleading you as one of the respondents, which case has been directed to be listed before this Tribunal/Court for hearing at 10.00 am On 27/01/2026.

Now therefore you are given notice to appear in this Tribunal/Court in person or by a pleader duly instructed (and able to answer all material questions relating to the suit, or who shall be accompanied by some person, able to answer all such questions), on the 27-12-2025) at 11:00 o'clock in the forenoon, to answer the claim; and and further you are hereby directed to file on that day a written statement of your defence and to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence, you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.

Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court, this 04-11-2025

**H. H. Member**

**Motor Accident Claims Tribunal, Mumbai**
**IN THE COURT OF Shri Shashikant Eknathrao Bangar**
**H. H. Member, Mumbai, Mumbai.**

**NOTICE/SUMMONS IN MOTOR ACCIDENT CLAIM PETITION**

MACP/1643/2023
Namdev Bapurao GadambeVs Baldev Ram Pralhad Ram and United India Ins. Co. Ltd.
27/01/2026

**To,**
**Baldev Ram Pralhad Ram and United India Ins. Co. Ltd.**
**Goan Ki Dhaniya 191 peethwas Jodhpur Rajastan 342 001.**

Whereas has instituted a Motor Accident Claim Petition impleading you as one of the respondents, which case has been directed to be listed before this Tribunal/Court for hearing at 10.00 am On 27/01/2026.

Now therefore you are given notice to appear in this Tribunal/Court in person or by a pleader duly instructed (and able to answer all material questions relating to the suit, or who shall be accompanied by some person, able to answer all such questions), on the 27-12-2025) at 11:00 o'clock in the forenoon, to answer the claim; and and further you are hereby directed to file on that day a written statement of your defence and to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence, you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.

Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court, this 04-11-2025

**H. H. Member**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED CITY DIVISION II, AJMER, OLD RPSC BUILDING, ROOM NO. 201 AJMER**

TELEPHONE NO. 0145-2627483 E-MAIL-ee2.ajm.phed@rajasthan.gov.in

**No.:-EE/PHED/City-II/2025-26/7270-87** **Date : 23.12.2025**

**ON LINE NOTICE INVITING FOR TENDERS**

Online tender are hereby invited, on behalf of the Governor of the state of Rajasthan for the following works from experienced and enlisted contractors of appropriate class and category. Tender are to be submitted duly digitally signed in electronic format only on Website http://eproc.rajasthan.gov. in The tender documents are to be downloaded from above mentioned website.

Bidders who wish to participate in online bidding will have to procure digital certificate as per IT Act- 2000 to sign their electronic bids. Offers which are not digitally signed will not be accepted. The tender documents are available for downloading on above website from 23.12.2025 to 06.06.2026 Up to 18.00 hrs. Last date & time of submission of online tenders up to 18.00 hrs. on 06.01.2026. Technical part of online bid will be opened at 10.00 hrs. on 07.01.2026 in presence of contractor and their authorized representative, who wish to be present.

| NIT No. | Work Description | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Earnest Money (in Rs.) in favour of tender inviting authority | Tender Cost (in Rupee) in favour of tender inviting authority | Processing Charges (in Rs.) in favour of MD. RISL, Jaipur | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 51/2025-26 | Rate Contract for the work Providing, Laying, Jointing, testing and commissioning of various size of DI/HDPE Pipeline under Jurisdiction PHED city division II Ajmer. | 75.00 | @2% Rs. 150000.00 and @ 1/2 Rs. 37500.00 | 1000.00 | 1500.00 | 365 days |
| 52/2025-26 | Work of Operation of Valves and O & M of (5.0 to 7.0 HP) pumps at SR-7 Nasirabad Road Ajmer under Under City Sub Divisioin VI Ajmer. | 8.42 | @2% Rs. 16840.00 and @ 1/2 Rs. 4210.00 | 500.00 | 500.00 | 365 days |

This NIB has been published on............... at website www.sppp.raj.nic.in with ID No.
**NIB Code -PHE2526A4899, UBN CODE : PHE2526WSRC10052, PHE2526WSRC10053**

**DIPR/C/19266/2025** **(SAVE WATER & SAVE LIFE)**

**Executive Engineer**
**Phed, City Division II, Ajmer**

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी प्रेरणादायक : गहलोत

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन, प्रतिभाओं ने बिखेरा रंग



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राजस्थान युवा बोर्ड जयपुर और शिक्षा विभाग जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025-26 का आयोजन आज राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महामंदिर लाल मैदान में हुआ। युवा महोत्सव आयोजन सचिव एवं एडीईओ माध्यमिक कमल व्यास ने बताया कि आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत , विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर जोधपुर गौरव अग्रवाल ,सी ई ओ जिला परिषद जोधपुर आशीष मिश्रा,समाजसेवी एवं युवा नेता महेंद्र मेघवाल ने शिरकत की। अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जोधपुर हिम्मत सिंह तंवर ने की।

मुख्य अतिथि गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि युवा महोत्सव युवाओं की सृजनशीलता, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करता है। ऐसे आयोजन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को प्रेरित करते हैं। विशिष्ट अतिथि महेंद्र मेघवाल ने कहा कि युवा महोत्सव युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा, सांस्कृतिक विविधता और प्रतिभा को मंच प्रदान करते है। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने उत्कृष्ट आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि युवा महोत्सव युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करता है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

एडीईओ विशाल शर्मा ने बताया कि इस महोत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु के अध्ययनरत व गैर-अध्ययनरत युवाओं ने लोक नृत्य, लोकगीत, कविता, चित्रकला, कहानी लेखन, आशु भाषण, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल, कृषि-एग्रो उत्पाद, दुर्लभ कलाएं तथा विज्ञान व नवाचार आधारित गतिविधियां में बड़े ही उत्साह से भाग लिया । आयोजक विद्यालय के संस्था प्रधान चंद्रशेखर दवे ने बताया कि अतिथियों द्वारा विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए व प्रत्येक गतिविधि के प्रथम विजेता को 1000 रुपए पुरस्कार राशि ऑनलाइन प्रदान की गई । चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय महोत्सव में भाग लेंगे। एकल व सामूहिक नृत्य व गायन की प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। इस अवसर पर निर्णायक व युवा महोत्सव के सफल आयोजन में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने हेतु अतिथियों द्वारा प्राचार्य डॉ श्याम सुंदर सोलंकी,केसर सिंह राजपुरोहित,प्रकाश भाटी,महेश चंद्र शर्मा,सुरेश आसेरी,पुरुषोत्तम दहिया, प्रिंस व्यास, डॉ आरती, रजनी मांकड़,मनीषा यादव मोनिका गुर्जर, पंकज वैष्णव व शिक्षक गण यथा शेखर पुरोहित, राम रतन, विजयलक्ष्मी गोयल, पायल सांखला, अजय शर्मा, विनोद आसेरी, गजेंद्र चौहान आदि को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन भरत वैष्णव ने किया।

## चौथ माता मेले के अवसर पर ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** चौथ माता के वार्षिक मेले के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा चयनित रेलसेवाओं को चौथ का बरवाड़ा स्टेशन पर अस्थाई ठहराव किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के अनुसार रेलसेवाओं का चौथ का बरवाड़ा स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव रहेगा। इसके तहत ट्रेन संख्या 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस आठ जनवरी को चौथ का बरवाड़ा स्टेशन पर सुबह 9.03 बजे आगमन कर 9.05 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं ट्रेन संख्या 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस छह जनवरी को चौथ का बरवाड़ा स्टेशन पर सुबह 9.03 बजे आगमन कर 9.05 बजे प्रस्थान करेगी।

## साहित्य परिषद ने जिला कलेक्टर को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान जोधपुर ने ऑनलाइन प्लेटफार्म और गेमिंग कार्यक्रमों पर नियंत्रण लगाने के लिए जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में परिषद के विभाग संयोजक विक्रम सिंह शेखावत के नेतृत्व में कई प्रमुख पदाधिकारियों ने इस मामले में अपनी चिंता व्यक्त की।

ज्ञापन में कहा गया है कि ओटीटी प्लेटफार्म और ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स के द्वारा भारतीय संस्कृति, संवैधानिक गरिमा, और सामाजिक मूल्यों का उल्लंघन हो रहा है। परिषद ने इन प्लेटफार्मों पर अश्लीलता, हिंसा, नशे की प्रवृत्ति और सनातन संस्कृति के विरूपण को गंभीर खतरा बताया है, खासकर बच्चों और युवाओं पर इसके दुष्प्रभावों को देखते हुए। परिषद ने इस ज्ञापन में यह भी अनुरोध किया कि इस मुद्दे पर एक नियामक आयोग का गठन किया जाए जो इन प्लेटफार्मों और गेमिंग ऐप्स पर निगरानी रखे और इन पर आवश्यक नियंत्रण लागू करे। ज्ञापन देते समय परिषद के विभाग संयोजक विक्रम सिंह शेखावत के नेतृत्व एवं संरक्षक डॉ शैलेन्द्र स्वामी, महानगर अध्यक्ष अजीत सिंह भाटी, महामंत्री चंद्रवीर सिंह समरस, एडीओ भवानी सिंह खींची, मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह, विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष डॉ गोविंद सिंह राजपुरोहित, डॉ विनोद गहलोत आदि मौजूद रहे।

## सामराऊ के अशोक ढाका फिल्म 'इक्कीस' में निभाएंगे अहम भूमिका

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ओसियां उपखंड के सामराऊ कस्बे के युवा कलाकार अशोक ढाका जल्द ही बहुप्रतीक्षित फीचर फिल्म 'इक्कीस' में एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। 24 वर्षीय अशोक ढाका सिनेमा और रंगमंच को समर्पित शहर के चर्चित सांस्कृतिक समूह चाबियन्स प्रोडक्शन के संस्थापक सदस्यों में शामिल हैं और कला के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बना चुके हैं। फिल्म 'इक्कीस' वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें भारतीय सेना के साहस, संघर्ष और बलिदान को सिनेमा के माध्यम से प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में अशोक ढाका ने टैंक ड्राइवर की अहम भूमिका निभाई है, जो युद्ध के निर्णायक क्षणों में सेना की रणनीतिक ताकत और जज़्बे को दर्शाती है। इस उपलब्धि पर चाबियन्स ग्रुप से जुड़े डॉ. अब्दुल्लाह कुरैशी, पुलकित सिंह, जय सिंह, लेखराज सिंह, साक्षी और स्वरूप जोशी ने अशोक ढाका को फिल्म के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सतलाना गांव में अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर के नजदीक सतलाना गांव स्थित रेलवे फाटक सी-218 पर अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आज रेलवे स्टेशन के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि ब्रिज नहीं होने से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस रेलवे फाटक के बंद रहने से करीब 20 गांवों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। बच्चों के स्कूल आने-जाने, शमशान घाट तक पहुंच, आपातकालीन एंबुलेंस सेवाओं तथा पशुओं की आवाजाही में गंभीर परेशानियां सामने आ रही थीं। आए दिन गायों के कटने की घटनाएं भी हो रही हैं। धरने की सूचना पर रेलवे के कर्मचारी, जीआरपी अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की।

धरने में महंत चेतन गिरी महाराज, सरपंच प्रतिनिधि किशनाराम, पूर्व सरपंच भलाराम, हरिसिंह गोलिया मगरा, जगदीश जोशी, सोहनलाल सागर, राजू नवल, रामाराम देवासी, पुखराज, पारसराम, नथाराम, रमेश पटेल, ओमाराम गहलोत, देवाराम माली, धनाराम माली, राजू, लालू खान, बाबू खान, भरत, भागीरथ सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल से भी दूरभाष पर वार्ता हुई। मंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे स्वयं डीआरएम से मिलकर इस समस्या का शीघ्र समाधान करवाएंगे।

## रेहाना रियाज का जोधपुर आगमन पर किया स्वागत

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव नियुक्त होने के बाद प्रथम बार जोधपुर आगमन पर श्रीमती रेहाना रियाज का प्रदेश महासचिव महिला रुबीना खान ने सूत की माला व साफा पहनाकर कर स्वागत किया।



इस अवसर पर रेखा लोहिया प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस, मुख्तियार खान प्रदेश सचिव विधि विभाग, पूर्व जिला प्रमुख मुन्नी देवी गोदारा एवं पूर्व शहर जिला कांग्रेस सचिव रिजवान राजा सहित कई पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नॉन-फेयर रेवेन्यू पॉलिसी के तहत ट्रेनों पर दिखेंगे विज्ञापन

## जोधपुर रेल मण्डल को सालाना होगी 60 लाख रुपये की कमाई



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** रेलवे अब अपनी कमाई का जरिया सिर्फ यात्री टिकट तक सीमित नहीं रखेगा। राजस्व बढ़ाने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने अपनी नॉन-फेयर रेवेन्यू (एनएफआर) पॉलिसी के तहत एक बड़ा कदम उठाया है। जोधपुर मंडल से संचालित चार प्रमुख जोड़ी ट्रेनों को अब चलते-फिरते विज्ञापनों (मोबाइल बिलबोर्ड) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

इन ट्रेनों के कोचों पर विनाइल रैपिंग के जरिए बड़ी कंपनियों की ब्रांडिंग की जाएगी, रेलवे ने सालाना करीब 60 लाख रुपए की एक्स्ट्रा इनकम नॉन-फेयर रेवेन्यू जुटाने का लक्ष्य रखा है। सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार, जिन ट्रेनों का चयन किया गया है, वे न केवल लंबी दूरी की हैं, बल्कि देश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन और व्यापारिक शहरों को जोड़ती हैं। यही कारण है कि विज्ञापनदाताओं के लिए ये हॉट प्रॉपर्टी हैं। मरुधर एक्सप्रेस (जोधपुर-वाराणसी) ट्रेन टूरिज्म और तीर्थ का बड़ा लिंक है। जोधपुर से चलकर यह जयपुर (पिंक सिटी), आगरा (ताज महल) और वाराणसी (काशी) जैसे बड़े सेंटर्स को जोड़ती है। इस रूट पर विज्ञापन की रीच सबसे ज्यादा विविध दर्शकों तक होगी। रणथंभोर एक्सप्रेस (जोधपुर-इंदौर) ट्रेन सवाई माधोपुर (रणथंभोर नेशनल पार्क) और कोटा (एजुकेशन हब) होकर गुजरती है। यहां वाइल्डलाइफ टूरिस्ट और स्टूडेंट्स का बड़ा ट्रैफिक रहता है, जो ब्रांड्स के लिए एक बड़ा टारगेट ऑडियंस है। बाड़मेर-ऋषिकेश (बाड़मेर-हरिद्वार-ऋषिकेश) ट्रेन रेगिस्तान को पहाड़ों से जोडने़ वाली यह ट्रेन राजस्थान, पंजाब और हरियाणा होते हुए उत्तराखंड जाती है। तीन राज्यों को कवर करने के कारण यह इंटर-स्टेट ब्रांडिंग के लिए बेहतरीन है। जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला यह ट्रेन शेखावाटी (चूरू, सीकर) होते हुए सीधे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जाती है। इस पर प्रीमियम और कॉर्पोरेट विज्ञापनों की अच्छी संभावना है।

**रणथंभोर एक्सप्रेस का टेंडर जारी :** सीनियर डीसीएम यादव ने बताया कि रेलवे की इस नीति के तहत रणथंभोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12466/64) के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और टेंडर जारी हो चुका है। वहीं, बाकी तीन ट्रेनों बाड़मेर-ऋषिकेश, जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला और मरुधर एक्सप्रेस के लिए प्रक्रिया अंतिम चरण में है। रेलवे ने स्पष्ट किया कि विनाइल रैपिंग से कोचों की खूबसूरती तो बढ़ेगी ही, साथ ही मेंटेनेंस (पेंट आदि) का खर्च भी बचेगा। इस नॉन-फेयर रेवेन्यू से होने वाली पूरी कमाई का उपयोग सीधे तौर पर स्टेशन के विकास और यात्री सुविधाओं को अपग्रेड करने में किया जाएगा।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने की विदेशी मुद्रा सेवाओं की शुरुआत

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज अपनी अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाओं के विस्तार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए व्यापक विदेशी मुद्रा (एफएक्स) सेवाओं और एक्सचेंज अर्नर्स फॉरेन करंसी (ईईएफसी) खातों के शुभारंभ की घोषणा की। यह रणनीतिक पहल सीमा पार लेनदेन में लगे व्यक्तियों और व्यवसायों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक, सुरक्षित और वैश्विक स्तर पर सुलभ बैंकिंग समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। नवनिर्मित विदेशी मुद्रा सेवाएँ ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुँच प्रदान करती हैं। इसमें विदेश से धन प्राप्त करने के लिए 'इनवर्ड रेमिटेंस', वैश्विक स्तर पर पैसा भेजने के लिए 'आउटवर्ड रेमिटेंस' और बहु-मुद्रा खाते रखने के लिए विदेशी मुद्रा जमा की सुविधा शामिल है। ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी एक्सचेंज रेट, तीव्र प्रसंस्करण समय और प्रशिक्षित विदेशी मुद्रा पेशेवरों से समर्पित सहायता का लाभ मिलेगा, जिससे हर अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन कुशल और पारदर्शी बनेगा।

# माहेश्वरी महाधिवेशन में तीन लाख वर्ग फीट में भोजनशाला का निर्माण



### 50 कंदोई व 500 सहयोगियों की टीम बनाएंगी तीन लाख लोगों का भोजन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** सनसिटी में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाधिवेशन व माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो में 'पाक' व भोजन की पुख्ता व्यवस्था के लिए विशाल भोजनशाला का निर्माण होगा। यहां सैकड़ों कार्यकर्ता व कारीगर भोजन का निर्माण कर हजारों लोगों को एक साथ भोजन करवाएंगे। इसके लिए तीन लाख स्क्वायर फीट एरिया में भोजनशाला का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है।

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा सभापति संदीप काबरा ने बताया कि भोजन 'भाव' प्रदान होता है। हमारा आतिथ्य 'भाव' भोजन का न केवल स्वाद बढ़ाता है अपितु आत्मीयता भी बढ़ाता है। इस सामाजिक मितव्ययिता, समयानुशासन व 11 व्यंजन के नियमों की पालना को ध्यान में रखते हुए इस बार भी 'इतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में' के संदेश के साथ महाकुंभ में भोजन प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए सभी क्षेत्र के 1500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की टीमें बनाई गई है। टीमों में महिलाओं को भी शामिल किया गया है। ये टीमें दो पारी में अपनी सेवाएं देते हुए प्रसादी का वितरण करेंगी। इस बार विशेष बात रहेगी की आम व खास एक ही जगह पर भोजन करेंगे। जोधपुर जिला माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष पुरूषोत्तम मूंदड़ा ने बताया कि महाकुंभ में देश के पूर्वांचल, उत्तरांचल, दक्षिणांचल, मध्यांचल तथा पश्चिमांचल सहित 33 देशों में बसे माहेश्वरी बंधु भाग लेंगे। महाकुंभ में तीन दिन में करीब तीन लाख से ज्यादा लोगों के शिरकत करने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए भोजनशाला का लार्ज स्केल पर निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए विशेष तौर पर लगभग तीन लाख वर्गफीट एरिया में भोजनशाला का निर्माण किया जा रहा है।

**सैकड़ों कारीगर और कार्यकर्ताओं की टीम :** भोजन बनाने वाले कारीगरों के लिए 60 हजार वर्गफीट एरिया निर्धारित किया गया है। पचास मुख्य कंदोई, सौ हेल्पर तथा 300 महिलाओं सहित 500 लोगों की टीम भोजन निर्माण का कार्य करेंगी। इसी प्रकार भोजन वितरण व्यवस्था के लिए पांच पंडाल बनाए गए है। प्रत्येक पंडाल बीस हजार वर्गफीट का होगा। जिसमें एक साथ तीन हजार लोग भोजन कर सकेंगे। हर पंडाल में 110-120 कार्यकर्ताओं की टीम भोजन वितरण की व्यवस्थाएं सुनिश्चत करेंगी। 300 वर्दीधारी वेटर भोजन सर्व करेंगे। वहीं 200 से ज्यादा प्लेट क्लीनर होंगे जो प्लेटों को क्लीन करेंगे। एक समय में साठ हजार प्लेटे तैयार रहेंगी।

**पैड फूड कोर्ट में कई देशों का जायका :** मूंदड़ा ने बताया कि महाकुंभ में पेड फूड कोर्ट भी होगा जिसमें राजस्थानी के साथ ही साउथ इंडियन, कॉन्टिनेंटल, थाई, मेक्सिककन, गुजराती, बंगाली, सहित देश के विभिन्न प्रदेशों के प्रसिद्ध व्यंजनों उपलब्ध रहेंगे। जोधपुर का प्रसिद्ध मिर्ची बड़ा और मावा कचौरी को विशेष तौर पर परोसने के साथ ही राजस्थानी गट्टा, कैर-सांगरी, अठाना मिर्च, बाजारी सोगरा, मिस्सी रोटी सहित परम्पगत मारवाड़ी व राजस्थानी व्यंजनों की बहार रहेगी। वहीं ग्लोबल एक्सपो में देश के प्रमुख कॉफी बरिस्ता समेत मुख्य सभी ब्रांड उपलब्ध रहेंगे जिसका शहर के सभी बन्धु आनंद ले सकेंगे।

# मण्डल और बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन 18 जनवरी से

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में जोधपुर विभाग अंतर्गत व्यापक स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन 18 जनवरी से 10 फरवरी तक किया जा रहा है। इन सम्मेलनों में समरस, सशक्त एवं समता-मूलक हिन्दू समाज के विषय पर साधु-संतों, धर्माचार्यों एवं सर्व समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा गहन चिंतन-मनन किया जाएगा।

हिन्दू सम्मेलन समाज को जोडने़, संवाद स्थापित करने तथा समता-आधारित सामाजिक चेतना को विकसित करने का सशक्त माध्यम बनेंगे। प्रत्येक हिन्दू को अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए इस समरसता अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है। जोधपुर विभाग के जोधपुर महानगर, बिलाड़ा एवं फलोदी जिला में ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल स्तर पर तथा महानगरीय क्षेत्रों में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जोधपुर महानगर में कुल 145, फलोदी जिला में 75, बिलाड़ा क्षेत्र में 100 हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सभी सम्मेलनों का आयोजन स्थानीय स्तर पर गठित सर्वहिन्दू समाज समिति के माध्यम से किया जाएगा, सम्मेलनों को सफल बनाने के लिए पूर्व में स्थानीय स्तर पर घर-घर पीले चावल बांटना, शोभायात्रा, वाहन रैली, बाजार सजावट, बस्ती और ग्राम स्तर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। जिसमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर विभाग संघचालक जगदीश सिंह ने कहा कि विराट हिन्दू सम्मेलनों के माध्यम से राष्ट्रबोध, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

यह आयोजन भेदभाव रहित, समता-मूलक एवं संगठित हिन्दू समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त पहल है। वहीं विभाग प्रचार प्रमुख लेखाराम बिश्नोई ने कहा कि विराट हिन्दू सम्मेलन केवल आयोजन नहीं, बल्कि हिन्दू समाज की आत्मचेतना को जागृत करने, सामाजिक दूरी और भेदभाव को समाप्त करने तथा 'एक समाज-श्रेष्ठ समाज' के संकल्प को साकार करने का अभियान हैं। जब समाज समरसता के सूत्र में बंधता है, तभी राष्ट्र सशक्त, सुरक्षित और संस्कारित बनता है।

# संरक्षित स्मारकों एवं संग्रहालयों में प्रवेश शुल्क में वृद्धि

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग तथा संग्रहालय विभाग, जयपुर (राजस्थान) के आदेशानुसार प्रदेश के संरक्षित स्मारकों, कला दीर्घाओं एवं संग्रहालयों में प्रवेश शुल्क निर्धारित व संशोधित किया गया है। इसी क्रम में जोधपुर वृत्ताधीन विभिन्न संरक्षित स्मारकों, कला दीर्घाओं एवं संग्रहालयों में नवीन प्रवेश शुल्क लागू किया गया है। यह नई व्यवस्था एक जनवरी से प्रभावी होगी।

पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधीक्षक इमरान अली ने बताया कि संरक्षित स्मारक तोपखाना, जालोर के लिए भारतीय दर्शकों के लिए 50 रुपए, भारतीय विद्यार्थियों के लिए 20 रुपए, विदेशी दर्शकों के लिए 200 रुपए एवं विदेशी विद्यार्थियों के लिए 100 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। कला दीर्घा चन्द्रावती, सिरोही के लिए भारतीय दर्शकों के लिए 20 रुपए, भारतीय विद्यार्थियों के लिए 10 रुपए, विदेशी दर्शकों के लिए 100 रुपए एवं विदेशी विद्यार्थियों के लिए 50 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार संरक्षित स्मारक मन्दिर समूह, किराडू (बाड़मेर) तथा संरक्षित स्मारक पटवा हवेली, जैसलमेर के लिए भारतीय दर्शकों के लिए 50 रुपए, भारतीय विद्यार्थियों के लिए 25 रुपए, विदेशी दर्शकों के लिए 250 रुपए एवं विदेशी विद्यार्थियों के लिए 100 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। जनाना महल मण्डोर (राजकीय संग्रहालय मण्डोर, जोधपुर) के लिए भी भारतीय दर्शकों के लिए 50 रुपए, भारतीय विद्यार्थियों के लिए 25 रुपए, विदेशी दर्शकों के लिए 250 रुपए एवं विदेशी विद्यार्थियों के लिए 100 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सरदार राजकीय संग्रहालय जोधपुर, श्री बांगड़ राजकीय संग्रहालय पाली, राजकीय संग्रहालय आबूपर्वत (सिरोही) तथा राजकीय संग्रहालय जैसलमेर के लिए भारतीय दर्शकों के लिए 30 रुपए, भारतीय विद्यार्थियों के लिए 20 रुपए, विदेशी दर्शकों के लिए 150 रुपए एवं विदेशी विद्यार्थियों के लिए 100 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त राजकीय संग्रहालय मण्डोर एवं जोधपुर तथा राजकीय संग्रहालय जैसलमेर एवं पटवा हवेलियां के लिए कॉम्पोजिट (संयुक्त) टिकट व्यवस्था भी लागू की गई है। इसके अंतर्गत राजकीय संग्रहालय मण्डोर एवं जोधपुर के लिए भारतीय दर्शकों के लिए 60 रुपए, भारतीय विद्यार्थियों के लिए 30 रुपए, विदेशी दर्शकों के लिए 300 रुपए एवं विदेशी विद्यार्थियों के लिए 150 रुपए निर्धारित किए गए हैं। वहीं राजकीय संग्रहालय जैसलमेर एवं पटवा हवेलियां के लिए भारतीय दर्शकों के लिए 70 रुपए, भारतीय विद्यार्थियों के लिए 30 रुपए, विदेशी दर्शकों के लिए 300 रुपए एवं विदेशी विद्यार्थियों के लिए 150 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है।

## शीतलहर को देखते हुए जिले की स्थिति के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में परिवर्तन

**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) वासुदेव मालावत ने बुधवार को एक आदेश जारी कर सर्दी और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जिले की स्थिति के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में परिवर्तन अथवा आंगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाले बच्चों के लिये अवकाश के संबंध में समुचित निर्णय लेने हेतु जिला कलेक्टर्स को अधिकृत किया है।

आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत के आदेश अनुसार वर्तमान में प्रदेश में शीतलहर के प्रकोप के जारी होने की वजह से आंगनबाडी केन्द्रो पर आने वाले बच्चो को शीत लहर से बचाने के लिये सभी जिलों के जिला कलेक्टर उनके जिले की स्थिति के अनुसार आंगनबाडी केन्द्र संचालन के समय में परिवर्तन अथवा आंगनबाडी केन्द्र पर आने वाले बच्चो के लिये अवकाश के संबंध में समुचित निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया है।

आईसीडीएस निदेशक के आदेश में जिले के संबंधित उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि शीत लहर की स्थिति के अनुसार जिला कलेक्टर से समन्वय स्थापित कर इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करावे। उन्होंने आदेश में यह भी निर्देश है कि समस्त आंगनबाडी केद्रों पर मानदेयकर्मी निर्धारित समय में नियमित रुप से उपस्थित रहकर आंगनबाडी केन्द्रो के संचालन से संबंधित समस्त गतिविधियो को यथावत संपादित करेंगे।

## महिंद्रा सस्टेन ने वर्ष 2025 में 560 एमडब्ल्यूपी की सौर ऊर्जा परियोजनाओं को किया चालू

**जैसलमेर (हुक्मनमाा समाचार)।** एक अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा आईपीपी (स्वतंत्र बिजली उत्पादक), महिंद्रा सस्टेन ने आज घोषणा की कि कंपनी ने कैलेंडर वर्ष 2025 में 560 एमडब्ल्यूपी की सौर क्षमता को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। ये विशाल यूटिलिटी-स्केल सौर ऊर्जा परियोजनाएं, कंपनी द्वारा विकसित और चालू की गई संपत्तियों का पहला जत्था हैं। इससे पहले 2024 में, कंपनी ने अपने कुशल 'कैपिटल लाइट' बिजनेस मॉडल के तहत 1.54 जीडब्ल्यूपी की संपत्तियों को 'सस्टेनेबल एनर्जी इंफ्रा ट्रस्ट' को बेचा था, जो महिंद्रा सस्टेन द्वारा सह-प्रायोजित एक इंविट है।इस पोर्टफोलियो में रणनीतिक रूप से स्थित दो परियोजनाएं शामिल हैं—गुजरात में 280 एमडब्ल्यूपी का सौर संयंत्र और राजस्थान में 280 एमडब्ल्यूपी की सुविधा। ये दोनों क्रमश: गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) और राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (आरयूवीएनएल) को 25 वर्षीय दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) के तहत बिजली बेच रहे हैं।परियोजना का अवलोकनगुजरात और राजस्थान की ये परियोजनाएं मिलकर लगभग 2,000 एकड़ में फैली हुई हैं और इन्हें राज्य ग्रिडों को विश्वसनीय यूटिलिटी-स्केल बिजली प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दोनों साइटों पर, महिंद्रा सस्टेन ने नवीनतम पीढ़ी के एन-टाइप टॉपकॉन बाइफेशियल मॉड्यूल तैनात किए हैं, जो उच्च दक्षता वाले इनवर्टर, ड्राई-क्लीनिंग समाधानों और अनुकूलित 'बैलेंस-ऑफ-सिस्टम' कॉन्फ़िगरेशन से लैस हैं ताकि ऊर्जा की पैदावार को अधिकतम किया जा सके। बिजली की निकासी 220 केवी सबस्टेशनों के माध्यम से की जाती है, जो ग्रिड की उच्च उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं और हाई-वोल्टेज राज्य ग्रिडों के साथ निर्बाध एकीकरण सक्षम करते हैं।यह संयुक्त 560 एमडब्ल्यूपी पोर्टफोलियो सालाना लगभग 1,000 मिलियन यूनिट (एमयू) स्वच्छ बिजली उत्पन्न करने की उम्मीद रखता है। इसके निर्माण में लगभग 12,400 टन स्टील, 2,600 किलोमीटर केबलिंग और लगभग 10 लाख सौर मॉड्यूल का उपयोग किया गया है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में लगभग 1,000 लोगों की कार्यबल क्षमता का उपयोग हुआ और इसे 2.9 मिलियन सुरक्षित मानव-घंटों के साथ पूरा किया गया, जो सुरक्षा और गुणवत्ता पर महिंद्रा सस्टेन के कड़े फोकस को दर्शाता है।महिंद्रा सस्टेन के एमडी और सीईओ, अविनाश राव ने कहा, '2025 में गुजरात और राजस्थान में 560 एमडब्ल्यूपी क्षमता चालू करना महिंद्रा सस्टेन के लिए एक और बड़ा मील का पत्थर है। यह हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों के साथ बड़े पैमाने पर नवीकरणीय संपत्तियों को वितरित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने 15 वर्षों के अनुभव के आधार पर, हम यूटिलिटी-स्केल सौर और पवन, भंडारण, हाइब्रिड और ग्रुप-कैप्टिव परियोजनाओं में अपनी उपस्थिति को गहरा कर रहे हैं। 'गति बढ़ाना: 2026 और उसके बादगुजरात और राजस्थान में कमीशन किए गए 560 एमडब्ल्यूपी से आगे, महिंद्रा सस्टेन महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान और कर्नाटक जैसे राज्यों में कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है और उन्हें डेवलप कर रहा है, जिससे वह अपनी रिन्यूएबल एनर्जी की मौजूदगी का विस्तार कर रहा है।

## जालोर जिले में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक तथा सायं 5 से 7 बजे तक सभी प्रकार की पतंगबाजी प्रतिबंधित

### धातु निर्मित मांझे का उपयोग एवं बिक्री निषेध एवं पूर्ण प्रतिबंधित

**जालोर (हुक्मनमाा समाचार)।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत धातु निर्मित मांझे की बिक्री व उपयोग निषेध एवं पूर्ण प्रतिबंधित किया है तथा सभी प्रकार की पतंगबाजी प्रात: 6 से 8 बजे तक तथा सायं 5 से 7 बजे तक की अवधि में पूर्ण रूप से प्रतिबांधित की है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि मकर संक्रान्ति पर्व पर पतंगबाजी के लिए धातुओं के मिश्रण से निर्मित ''धातु निर्मित मांझा'' प्रयुक्त किया जाने लगा है। यह मांझा विभिन्न धातुओं के मिश्रण के प्रयोग से तैयार किया जाता है, जो पतंग के पेंच लड़ाने में अधिक कारगर होता है, इस कारण से इसका प्रयोग अधिक किया जाने लगा है। यह मांझा विभिन्न धातुओं के मिश्रण से निर्मित होने से धारदार तथा विद्युत का सुचालक होता है जिसके उपयोग के दौरान दुपहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को अत्यधिक जान-माल का नुकसान होना संभाव्य है, साथ ही विद्युत का सुचालक होने के कारण विद्युत तारों के सम्पर्क में आने पर विद्युत प्रवाह होने से पतंग उड़ाने वाले को भी नुकसान पहुंचना एवं विद्युत सप्लाई में बाधा उत्पन्न होना भी संभाव्य है। इस समस्या व खतरे के निवारण के लिए आवश्यक है कि ''धातु निर्मित मांझा'' (पतंग उड़ाने के लिए पक्का धागा, नायलोन/प्लास्टिक मांझा, चाईनीज मांझा जो सिंथेटीक/टोक्सीक मेटेरियल यथा आइरन पाउडर, ग्लास पाउडर का बना हो) के उपयोग एवं विक्रय को निषेध किया जावें। इसी प्रकार माननीय उच्च न्यायालय राजस्थान, खण्डपीठ जयपुर एवं पर्यावरण विभाग द्वारा भी 6 से 8 बजे तक तथा सायं 5 से 7 बजे तक की अवधि में सभी प्रकार की पतंगबाजी प्रतिबंधित करने के साथ ही प्लास्टिक एवं अन्य सिन्थेटिक पदार्थ से बने मांझे का निर्माण, विपणन व उपयोग को प्रतिबंध के संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी प्रकार की पतंगबाजी प्रात: 6 बजे से प्रात: 8 बजे तक तथा सायं 5 बजे से सायं 7 बजे तक की समयावधि में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

# फलोदी नगरपरिषद क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान को मिली नई गति

### आज से फिर शुरू हुई घर-घर कचरा संग्रहण ऑटोटिपर सेवा



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** नगरपरिषद क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को एक बार फिर सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। मंगलवार को जिलाकलेक्टर श्वेता चौहान ने नगरपरिषद परिसर से ऑटोटिपर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी एवं प्रशासक नगरपरिषद फलोदी सुश्री पूजा चौधरी, नगरपरिषद आयुक्त अनिल कुमार विश्नोई, नगरपरिषद के अधिकारी एवं कार्मिक, संबंधित फर्म के इंचार्ज, स्वच्छ भारत मिशन के जिला संयोजक जगदीश पालीवाल, शहर अध्यक्ष शिव पंचारिया, भाजपा नेता नरेन्द्रसिंह शेखावत सहित सफाई इंचार्ज व बड़ी संख्या में सफाई कर्मी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 23 सितम्बर को तकनीकी व अन्य कारणों से शहर में ऑटोटिपर सेवा बाधित हो गई थी, जिससे आमजन को कचरा निस्तारण में परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि दीपावली के अवसर पर आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से टीम महेश व्यास एवं किसान नेता नरेश व्यास द्वारा अपने स्तर पर कुछ दिनों तक नि:शुल्क कचरा संग्रहण सेवा उपलब्ध करवाई गई, जिससे त्योहार के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिली।

अब जिलाकलेक्टर श्वेता चौहान, उपखण्ड अधिकारी सुश्री पूजा चौधरी एवं नगरपरिषद आयुक्त अनिल कुमार विश्नोई के समन्वित एवं सफल प्रयासों से नई व्यवस्था के साथ ऑटोटिपर सेवा को पुन: प्रारंभ किया गया है। इस नई व्यवस्था की खास बात यह है कि पूरी प्रणाली ऑनलाइन होगी, जिससे कचरा संग्रहण की निगरानी रियल टाइम में की जा सकेगी। इसके साथ ही आम नागरिक भी मोबाइल एप के माध्यम से सफाई से संबंधित समस्याओं, अनियमितता अथवा शिकायतों का पंजीकरण करवा सकेंगे, जिनका समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस पारदर्शी एवं तकनीक आधारित व्यवस्था से शहर की स्वच्छता में सुधार होगा और फलोदी को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने की दिशा में स्वच्छ भारत अभियान को नई ऊर्जा मिलेगी।

## श्रीमद भागवत कथा का होगा भव्य आयोजन

**सोजत।** आम घांची समाज विकास समिति, अखिल भारतीय घांची महासभा पुरणेश्वर धाम ट्रस्ट सोजत के तत्वावधान में समाजसेवी वचनाराम राठौड़ के चार वर्ष की उपासना के उपलक्ष्य में राठौड़ परिवार की ओर से बिलाड़िया गेट स्थित पुरणेश्वर धाम पर श्रीमद भागवत कथा आगामी 12 से 18 जनवरी तक होगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। स्वामी डॉ. रामस्वरूप शास्त्री के सानिध्य में आयोजित कथा का वाचन श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र अयोध्या के कोषाध्यक्ष, श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास मथुरा के उपाध्यक्ष न्यासी स्वामी गोविन्द देव गिरी महाराज करेंगे। कथा रोज दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चलेगी एवं संत प्रवचन रोज, भजन कार्यक्रम दोपहर 12 से 2 बजे तक होगा। महोत्सव के तहत 10 से 18 जनवरी तक नवदुर्गा चंडी हवन रोज सवेरे 6 बजे से होगा एवं 12 जनवरी सोमवार सवेरे पाली गेट से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा 19 जनवरी सोमवार सुबह 11 बजे पूर्णाहुति होंगी। वहीं भजन कार्यक्रम में भजन गायक अमित कुमार धुर्वे, प्रहलादसिंह टिपानिया इंदौर, रंगमंच कलाकार मनोज रिया एंड पार्टी दिल्ली शानदार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

## जाते-जाते 2025 ने शहरवासियों को भिगोया



### पीपाड़ शहर में सांय समय 15 मिनट हुई बारिश से ठिठूरन बढी

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** अलविदा होते होते 2025 ने जाते जाते शहरवासियों को भिगोया शहर में सांय 6 बजे करीब एकाएक तेज गति से शुरू हुई बारिश से जहां सड़कों पर पानी नजर आने लगा व अचानक हुई बारिश से ठिठुरन बढने से सर्दी का प्रकोप भी बढ़ गया है। शहर में सुबह से ही बादलों की आवाजाही के अलावा दोपहर समय ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो गई जिससे ठंडक बढ़ने लगी उधर सांय 6 बजे एकाएक बारिश का दोर शुरू हुआ जो पन्द्रह मिनट तक जारी रहने वाले पूरा शहर ठंड की आगोश में समा गया साथही आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। वहीं वर्ष का अंतिम दिन होने के चलते अनेक स्थानों पर पार्टी का आयोजन भी बारिश से प्रभावित हुआ है, शहर में एकाएक सर्दी के बढ़ने से घरों में हल्दी की सब्जी के साथ गाजर हलवा सहित अनेक पकवान व गर्मागर्म पकौड़ों की भी बहार रही, आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश से ठंडक बढी है।

## जालोर के संरक्षित स्मारक तोपखाना जालोर में प्रवेश शुल्क लागू

**जालोर (हुक्मनमाा समाचार)।** राज्य के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जालोर जिले के संरक्षित स्मारक तोपखाना जालोर में 1 जनवरी, 2026 से प्रवेश शुल्क लागू किया गया है। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग जोधपुर के अधीक्षक इमरान अली ने बताया कि पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान के संरक्षित स्मारकों/कला दीर्घाओं पर प्रवेश शुल्क लागू किया गया है एवं अन्य संरक्षित स्मारकों पर वर्तमान में जारी प्रवेश शुल्क में अभिवृद्धि की गई है। जालोर जिले के संरक्षित स्मारक तोपखाना जालोर के लिए भारतीय दर्शक के लिए 50 रूपये, भारतीय विद्यार्थी दर्शक के लिए 20 रूपये, विदेशी दर्शक के लिए 200 रूपये तथा विदेशी विद्यार्थी दर्शक के लिए 100 रूपये प्रवेश की दर रहेगी।

### विद्यार्थियों ने जानी ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी

# सूर्या बाल शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के ओस्तरा रोड स्थित सूर्या बाल शिक्षा निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण में कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अनुभव प्रदान करना रहा। शिक्षक रामविलास गोदारा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए यह शैक्षणिक यात्रा आयोजित की गई, ताकि वे प्राकृतिक परिवेश, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को अक्षरधाम मंदिर, माचिया सफारी पार्क, हस्तशिल्प मेला तथा सुरपुरा डैम का भ्रमण करवाया गया। इन स्थलों पर विद्यार्थियों ने स्थापत्य कला, वन्यजीवन, लोक हस्तशिल्प और जल संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। विद्यार्थियों ने बताया कि यह शैक्षणिक यात्रा उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं यादगार रही। भ्रमण के दौरान अनुशासन, सामूहिकता और समय प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक भारमल सिरोही, निदेशक महेंद्र सिरोही, प्रधानाचार्य राम प्रकाश नारधनिया, अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य संजय सिंह सहित शिक्षक चंद्र प्रकाश देवड़ा, पप्पू राम जलवाणिया, मूलाराम सारण, जोगाराम गोदारा, गजेंद्र शर्मा, प्रियंका एवं बेबी आदि उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों व प्रबंधन ने भ्रमण की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## श्रीमद्भागवत कथा व नानी बाई का मायरा का हुआ पोस्टर विमोचन



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के आदर्श नगर स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर में बुधवार शाम फलोदी के मोहन छंगाणी नगर में शुरू होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा व नानी बाई का मायरा का भव्य रूप से पोस्टर विमोचन किया गया । कथा का वाचन कथा व्यास श्री संजय कृष्ण जी महाराज नापासर द्वारा व नानी बाई का मायरा का वाचन पंडित विकास जी महाराज द्वारा दिनांक 08-जनवरी-2026 से 14-जनवरी-2026 तक किया जाएगा ।

श्री सिद्धिविनायक मंदिर के पुजारी श्री विरमदास जी महाराज ने बताया कि पोस्टर विमोचन में कथावाचक श्री विकास जी महाराज , संदीप जैन , पवन चाचान , प्रमोद पालीवाल ,खुशाल सिंह राजपुरोहित , नरेश पालीवाल , शिवभगवान महिपाल सहित अनेक मातृशक्ति सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## बालोतरा जिले की 40 बेटियों को मिलेगा पद्माक्षी पुरस्कार

**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** बालोतरा जिले के लिए गर्व का विषय है कि 40 होनहार छात्राओं का चयन राज्य सरकार की प्रतिष्ठित ''पद्माक्षी पुरस्कार योजना'' के लिए किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी देवाराम प्रजापत ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धन्ने की ढाणी से छात्रा रश्मी, महर्षि गौतम उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा सुरभी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुनियों का तला की छात्रा रवीना भाटी, संस्कार ए वैली ऑफ एजुकेशन उच्च माध्यमिक विद्यालय, भाण्डियावास की छात्रा सोनू, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पादरू की छात्रा पुजा कुमारी, महा भगवती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा पायल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुढों की ढाणी की छात्रा बदामी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, थोब की छात्रा अफसाना ने कला संकाय में, एनवीएम उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा निकिता जैन, श्री वर्धमान अंग्रेजी माध्यम उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा स्नेहा चौधरी, शान्ति निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा विधि सिंघल, मदर टरेसा पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा लविना ने वाणिज्य संकाय में तथा सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, मंडली की छात्रा प्रियंका चौधरी, भगवती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा सोहन कंवर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कनूर की छात्रा मुनी, मां सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिणधरी की छात्रा करिश्मा गर्ग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पादरू की छात्रा सानिया बानो, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोलू की छात्रा ममता, भगवती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा ममता ने विज्ञान संकाय में, लक्ष्य ज्योती उच्च माध्यमिक विद्यालय, कल्याणपुर की छात्रा विनोद कंवर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिवाना की छात्रा गुंजन एवं मोनिका, मेहता एचबी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पाटोदी की छात्रा मनीषा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, समदड़ी की छात्रा हीना का कृषि संकाय में शानदार परीक्षा परिणामों के आधार पर उनका चयन इस वर्ष पद्माक्षी पुरस्कार के लिए किया गया है।

## तीन दिवसीय निःशुल्क पशु शल्य चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का शुभारंभ

**सायला (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड मुख्यालय पर मंगलवार को संघवी स्व.श्रीमती सुमटीबाई भबुतमल भंडारी परिवार एवं पशुपालन विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय द्वितीय नि:शुल्क पशु शल्य चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का जिला कलेक्ट प्रदीप के. गावंडे के मुख्य आतिथ्य व उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, पुलिस उपधीक्षक गौतम जैन अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि अतिथि के नाते तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, संयुक्त निदेशक डॉ गिरधरसिंह सोढा, सेवानिवृत संयुक्त निदेशक गणपतसिंह बालोत, संघवी मांगीलाल फोलामुथा उपस्थित रहे। शिविर का अतिथियों ने विधिवत रूप से गौ पूजन के साथ शुभारंभ किया। जिला कलेक्टर गावंडे ने भामाशाह परिवार द्वारा आयोजित मूक पशुओं के लिए शिविर का आयोजन कर राहत प्रदान करना जीवदया का सर्वोत्तम कार्य बताते हुए सराहना की। पुलिस उपअधीक्षक जैन ने मूक पशु पक्षियों की सेवा को पुण्य का कार्य बताते हुए सभी पशु चिकित्सा टीम को पूर्ण मनोयोग से उपचार कर राहत प्रदान करने को कहा। समारोह में भामाशाह परिवार द्वारा अतिथियों का साफ़ा व माला पहनाकर बहुमान किया। मंच संचालन रविन्द्र सिंह राणावत ने किया। इस दौरान शिविर प्रभारी डॉ संजय माली, संघवी मंगनीलाल फ़ोलामुथा, कुइयांलाल कबदी, गौतम जैन, वस्तुपाल जैन, विक्रम फ़ोलामुथा महेंद्र चोपड़ा, प्रकाश भंडारी, प्रतीक भंडारी, रतनसिंह राठौड़, नारायणलाल सुथार, नागेश जैन, प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### मीरा नगरी मेड़ता में होगी संगीतमय कथा

## बोरुंदा के चौराहे पर हुआ पोस्टर का विमोचन

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** मीराबाई की पावन नगरी मेड़ता में बस स्टेण्ड के पास 5 से 11 जनवरी को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कथा का वाचन पंडित प्रभु नागर द्वारा किया जाएगा। कथा के सफल आयोजन को लेकर आयोजकों द्वारा सोमवार को बोरुंदा व आसपास के क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक कथा श्रवण करने के लिए पीले चावल व निमंत्रण पत्र देकर न्यौता दिया तथा पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान भरत भाटी, रणवीर गहलोत, उद्यमी पवन अग्रवाल, लक्ष्मण भाटी, महेंद्र भाटी, धर्मेंद्र सुथार, विकास डोसी, राजकुमार मोदी, हरिप्रकाश पुरी, मनीष अग्रवाल, राजकुमार जिंदल, मुकेश जिंदल, अशोक भाटी, धर्मेंद्र सुथार, रामअवतार दाधीच, खेमाराम माली, सुगनाराम माली, मानक मेघवाल, चुत्राराराम भाटी, हनुमान राम भाटी, राधेश्याम भाटी व जयप्रकाश चौधरी सहित कई ग्रामीण व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजनार्थ बैठक 5 जनवरी को

**जालोर ।** जिला मुख्यालय पर 26 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह मनाने के लिए कार्यक्रम एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 5 जनवरी, 2026 (सोमवार) को प्रात: 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने दी।

# सौर शक्ति से सशक्त राजस्थान-आत्मनिर्भर राजस्थान

**नया वर्ष लाया प्रदेश के लिए उम्मीदों का नया सूरज**

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के त्वरित एवं दूरदर्शी निर्णयों से राजस्थान की सोलर हब के रूप में बन रही वैश्विक पहचान**

**प्रदेश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता हुई 35 हजार मेगावाट से अधिक, महंगी बिजली से मिल रही राहत**



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नववर्ष का सूरज प्रदेश के लिए नई उम्मीदों की किरणें लेकर आया है। विषम भौगोलिक हालात व मौसम के प्रचण्ड प्रकोप की मार झेलने वाला राजस्थान अब सूरज के विकास रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रहा हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में आमजन के घर सूर्यघर बन रहे हैं। सौर ऊर्जा से मिल रहे पानी से खेतों में सिंचाई हो रही है। बढ़ती सौर ऊर्जा क्षमता के साथ देश में नम्बर वन राज्य के रूप में राजस्थान नए साल में प्रवेश कर रहा है।

**दो साल में 18 हजार मेगावाट बढ़ी स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता** राजस्थान अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण सौर ऊर्जा के लिए सबसे उपयुक्त राज्य माना जाता है। वर्तमान में प्रदेश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 35 हजार 910 मेगावाट पहुंच चुकी है, जो देश की कुल सौर क्षमता का लगभग 27 प्रतिशत है। बीते दो वर्षों में राज्य की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में 18 हजार मेगावाट से अधिक की वृद्धि हुई है। भूमि पर लगी देश की 1 लाख मेगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में से 31 हजार मेगावाट का योगदान राजस्थान का है। राजस्थान इस प्रगति से देश के सोलर हब के रूप में मजबूती से उभर रहा है।

**पीएम कुसुम और पीएम सूर्यघर योजना में भी राजस्थान की रही धाक** विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने पीएम कुसुम योजना और पीएम सूर्यघर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। जिसका परिणाम यह हुआ कि पीएम कुसुम में स्थापित ऊर्जा क्षमता दो साल में 122 मेगावाट से बढ़कर 2629 मेगावाट हो गई। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत प्रदेश की गांव-ढाणियों में 2 हजार 629 मेगावाट क्षमता से अधिक की ग्रिड कनेक्टेड 1 हजार 201 लघु सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

## ऊर्जा संकट से ऊर्जा सरप्लस की ओर

**ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब राजस्थान को कोयले की किल्लत के कारण बिजली संकट का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष में 320 दिन मिल रहे सूर्य के प्रकाश को प्रदेश का ऊर्जा परिदृश्य बदलने का जरिया बनाया। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए तेजी से नीतिगत निर्णय किए गए, निवेश में आने वाली बाधाओं को दूर किया गया और भूमि आवंटन की प्रक्रियाओं को सुगम बनाया गया। इससे परियोजनाएं समय पर पूरी होने लगी जिससे दो साल में ही प्रदेश की सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ कर दोगुनी हो चुकी है और राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।**

## सी.एस.एफ. सी.पी. टीकाकरण अभियान के तीसरे राउण्ड का दूसरा चरण एक जनवरी से एक फरवरी तक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पशुपालन विभाग द्वारा राजस्थान में शूकरों में होने वाले संक्रामक एवं घातक रोग क्लासिकल स्वाइन फीवर की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से एक जनवरी से राज्यव्यापी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में चलाया जाएगा। निदेशक पशुपालन, डॉ सुरेशचंद मीना ने सभी जिलों को निर्धारित समयावधि में जिले में अवस्थित शूकर वंशीय पशुओं में सी एस एफ टीकाकरण कार्य सम्पादित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि क्लासिकल स्वाइन फीवर एक संक्रामक वायरल रोग है जिससे शूकरों में मृत्यु दर अधिक होती है और शूकर पालकों को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण ही इस रोग से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी सुअर पालकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने सुअरों का समय पर टीकाकरण कराएं जिससे बीमारी के प्रसार को रोका जा सके और सुअरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।





















CMYK